05 दिसंबर 2024

गुरुवार

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



जहां सब लोगों की गर्दन झुकी हो वहां खड़ी गर्दन नजर में चढ़ती है : शिवानंद तिवारी

2



# नया भारत तय करता है दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा : सीएम योगी आदित्यनाथ

♦ बोले सीएम... दुनिया उसी का अनुसरण करती जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का रखता है जज्बा

**केटी न्यूज/गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है। पर, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है। सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एम पी)शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है।

**तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से नहीं :** मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को वर्तमान दौर में तकनीकी के प्रयोग की अपरिहार्यता से भी अवगत कराया। साथ ही नसीहत दी कि तकनीकी का इस्तेमाल जीवन को सरल और सहज बनाने के लिए जरूरी है लेकिन यह ध्यान भी रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से नहीं। हम खुद को तकनीकी के अनुरूप व तकनीकी को अपने अनुरूप तैयार करें।

**पूरी दुनिया मानती है भारतीय प्रतिभा का लोहा :** सीएम योगी ने कहा कि हर कालखंड में भारत ने पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विश्व के सौ प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रमुख एक्जीक्यूटिव की बात करें तो इसमें सबसे बड़ी संख्या भारतीय नौजवानों की है। सीएम ने कहा कि ये नौजवान पूरी दुनिया में अपनी तकनीकी ज्ञान का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1932 में जब ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने जब इस परिषद रूपी छोटे बीज को रोपित किया था तब साधन और संसाधन नहीं थे। देश तब गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था।

### देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं

सीएम योगी ने देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है। अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मन रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाने का। इसमें हर नागरिक, हर संस्था की भूमिका होनी चाहिए कि हमारा देश आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने और स्वाभिमान के साथ इस विकास यात्रा में हमारा भी योगदान हो। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के दोनों प्रणेताओं ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का भी पूरे जीवन यही भाव रहा।

## खबरें फटाफट

### 34 करोड़ के फर्जी टैक्स क्रेडिट पर इनफिनिटी एक्ज़िम का पार्टनर अरेस्ट

**अहमदाबाद।** गुजरात राज्य जीएसटी विभाग ने इनफिनिटी एक्ज़िम के पार्टनर प्रग्नेश कंतारिया को टैक्स चोरी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया है। कंपनी ने फर्जी तांबे की खरीद दिखाकर 34 करोड़ रुपये से अधिक का गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया था। राज्य जीएसटी की जांच शाखा ने सूरत, राजकोट, भरूच, वापी, जूनागढ़ और भावनगर में तांबे के कारोबार से जुड़ी 14 कंपनियों पर छापेमारी की। 11 नवंबर को शुरू हुए तलाशी अभियान में विभाग ने फॉर्च्यून कॉपर इंडस्ट्रीज के पार्टनर संदीप विरानी को सूरत से 19.46 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पता चला कि इनफिनिटी एक्ज़िम समेत कई कंपनियां तांबे की फर्जी खरीद दिखाकर सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचा रही थीं। कंपनियों ने गलत वित्तीय लेनदेन दिखाकर झूठे टैक्स क्रेडिट का दावा किया। प्रग्नेश कंतारिया पहले भी केंद्रीय जीएसटी के तहत कर चोरी के मामले में फंसे थे। इस बार जांच में सामने आया कि उन्होंने तांबे के स्क्रैप की फर्जी खरीद के आधार पर 186 करोड़ रुपये के फर्जी लेनदेन दिखाकर सरकारी खजाने को 34 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया।

### अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के मुख्य द्वार पर हुई वारदात, राजनीतिक घमासान तेज

# अकाली दल चीफ सुखबीर सिंह बादल पर हुआ जानलेवा हमला, बाल बाल बचे

♦ गुरदासपुर के डेराबाबा नानक के रहने वाले रूप में हुई आरोपी की पहचान

**एजेंसी/अमृतसर**



पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली चीफ सुखबीर सिंह बादल पर अमृतसर में फायरिंग हुई है। जानकारी के अनुसार, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक व्यक्ति ने शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर गोलियां चला दीं। मौके पर मौजूद लोगों ने उस व्यक्ति को काबू कर लिया। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। गोलीबारी में सुखबीर सिंह बादल बाल-बाल बच गए। आरोपी की पहचान गुरदासपुर के डेराबाबा नानक के रहने वाले नारायण सिंह चौड़ा के रूप में हुई है। वह दल खालसा का सदस्य है। 2013 में यूएपीए में गिरफ्तार हुआ था।

घटना के दौरान सुखबीर सिंह बादल सहित शिरोमणि अकाली दल के नेता श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा उनके लिए घोषित धार्मिक दंड के तहत 'सेवा' कर रहे थे। उसी बीच नारायण सिंह गोल्डन टेंपल के गेट पर पहुंचता है। जब वह सुखबीर बादल के करीब पहुंचा तो कमर के नीचे छिपाकर रखे गए पिस्टल को निकाल कर फायरिंग करने लगता है। सुखबीर सिंह बादल की सुरक्षा में तैनात कुछ सेवादारों की तुरंत हमलावर पर नजर पड़ जाती है और उसे पकड़ लिया जाता है। वीडियो में देखा जा रहा है कि गोली सुखबीर सिंह बादल को निशाना बनाकर चलाई गई लेकिन मिस हो गई और टेंपल के गेट पर जा लगी। बुजुर्ग हमलावर के गोली चलाते ही मौके पर मौजूद लोगों ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी में ले लिया है। उसके पास से पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है। आरोपी का नाम नारायण सिंह बताया जा रहा है और वह कट्टरपंथी विचारधारा का है। दरबार साहिब के सामने हमलावर की फायरिंग से स्वर्ण मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। फिलहाल सुखबीर सिंह बादल सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

**सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की केजरीवाल ने की निंदा, बीजेपी पर साधा निशाना :** आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के बाहर शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि एक बहुत बड़ी घटना को टालने के लिए पंजाब पुलिस प्रशंसा की पात्र है। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बहुत बड़ी शक्तियां पंजाब और राज्य के लोगों को बदनाम करने की साजिश कर रही हैं।

### पहली बार मीडिया से बोले पंजाब सीएम

घटना पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। पंजाब पुलिसकर्मियों की सतर्कता के कारण एक बड़ी घटना टल गई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। मैं पुलिस और डीजीपी के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में हूं। मैंने उन्हें घटना की गहन जांच करने का आदेश दिया है। बहुत जल्द,हमले के पीछे का मकसद पता चल जाएगा। हम राज्य की छवि खराब करने के उद्देश्य से ऐसी साजिशों को सफल नहीं होने देंगे। मैं सुखबीर बादल पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। अमृतसर में 175 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। एक सख्त और निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों को दंडित किया जाएगा।

### यह चिंता का विषय है : तरुण चुघ

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर में हुए हमले पर कहा, श्यह बहुत दुखद घटना है, चिंता का विषय है। अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को राजनीति करने की बजाय, राजनीतिक लाभ उठाने की बजाय अपनी खामियों और अक्षमता पर स्पष्टीकरण देना चाहिए... वे अपनी गलती सुधारने की बजाय लगातार गलतियां कर रहे हैं। आज पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है... मुख्यमंत्री भगवंत मान को इस पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। जबरन वसूली, फिरौती, हत्याएं, नशे में रोजाना बढ़ोतरी, हर मोर्चे पर आम आदमी पार्टी की सरकार फेल है।

# महायुति ने पेश किया दावा फडणवीस की ताजपोशी आज

♦ कडी सुरक्षा के बीच लेंगे शपथ, पीएम समेत कई दिग्गज नेता रहेंगे मौजूद

**एजेंसी/मुंबई**



महाराष्ट्र में लंबे समय से जारी सियासी उथल-पुथल के बाद महायुति ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने संयुक्त रूप से राज्यपाल के पास सरकार बनाने की सहमति जताई। केंद्रीय पर्यवेक्षक निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी भी इस मौके पर उपस्थित रहे. 5 दिसंबर गुरुवार की शाम देवेंद्र फडणवीस सीएम पद की शपथ लेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस को पार्टी विधायक दल का सर्वसम्मति से नेता चुना गया है. इसके साथ ही उनका मुख्यमंत्री बनने का मार्ग साफ हो गया। वे आज शाम 5.30 बजे आजाद मैदान में आयोजित भव्य समारोह में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

**डिप्टी सीएम पर संशय बरकरार :** हालांकि मुख्यमंत्री पद पर सस्पेंस खत्म हो चुका है, लेकिन डिप्टी सीएम को लेकर अभी भी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अजित पवार और एकनाथ शिंदे दोनों इस पद के दावेदार माने जा रहे हैं। उम्मीद है कि शपथग्रहण के बाद इस पर स्थिति स्पष्ट होगी। शपथग्रहण समारोह में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 3,500 से अधिक पुलिसकर्मी, 520 अधिकारी, राज्य रिजर्व पुलिस बल, त्वरित कार्रवाई दल और बम निरोधक दस्ते की तैनाती की गई है। कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुरक्षा की निगरानी करेंगे। साथ ही मुंबई के यातायात प्रबंधन के लिए 280 से अधिक कर्मी तैनात किए गए हैं।

**आजाद मैदान में जुटेगी भारी भीड़ :** महायुति के समर्थकों और आम जनता में इस समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह है। भाजपा ने अपने 40,000 कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रबंध किए हैं, जबकि 2,000 विशिष्ट अतिथियों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहेंगे।

## किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान पर हरियाणा में बढ़ाई गई सुरक्षा, अंबाला में धारा 163 लागू

**एजेंसी/चंडीगढ़**

किसानों की ओर से दिल्ली कूच के ऐलान के बाद हरियाणा पुलिस की ओर से सख्ती बढ़ा दी गई है। हरियाणा के जिला अंबाला में धारा 163 लागू कर दी गई है और किसानों को एक बार फिर से अपने पैदल मार्च के फैसले पर ऐलान करे को कहा गया है। यह नोटिस हरियाणा पुलिस के अधिकारियों ने पंजाब की सीमा के अंदर लगाया है। किसानों की ओर से छह दिसंबर को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया गया है।

पहले भी पंजाब और हरियाणा सीमा पर हुए किसानों और हरियाणा पुलिस के बीच टकराव को देखते हुए फैसला लिया गया है। इसके बाद अब देखना होगा कि किसानों की ओर से जो छह दिसंबर को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया गया है, उनको शंभू बॉर्डर के जरिए दिल्ली जाने की अनुमति दी जाती है या फिर उन्हें शंभू बॉर्डर पर ही रोका जाता है। गौरतलब है कि 2 दिसंबर को ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में वर्षों से लंबित विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को यहां के किसान दिल्ली कूच करने के लिए सीमा पर डटे रहे। दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश में उनकी पुलिस के साथ झड़प हुई थी और दिल्ली से सटी सीमाओं पर भीषण जाम लग गया था।

## असम में सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस पर प्रतिबंध

**एजेंसी/दिसपुर**



असम में बीफ पर बैन लगा दिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज असम मंत्रिमंडल ने राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। बीफ पर बैन को लेकर हुए फैसले के बाद असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने पोस्ट किया कि मैं असम कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वह गोमांस पर प्रतिबंध का स्वागत करें या पाकिस्तान में जाकर बस जाएं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि असम कैबिनेट का विस्तार 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने हाल ही में कहा था कि अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा उन्हें पत्र लिखकर मांग करें तो वह असम में बीफ पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं।

दरअसल, असम में कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने बीजेपी पर आरोप लगाया था कि उसने नगांव जिले के सामगुरी विधानसभा क्षेत्र में एक बीफ पार्टी आयोजित की थी। हुसैन का दावा था कि इस आयोजन का उद्देश्य मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित करना था। उन्होंने ये भी कहा कि उनके पास इस बात के सबूत हैं और वह इस मुद्दे पर चुनाव आयोग द्वारा पूछे गए किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं। इस पर हिमंता ने कहा था कि वह हुसैन के बयान को लेकर बीफ पर अपने रुख के बारे में राज्य कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि मैं भूपेन बोरा को पत्र लिखूंगा और उनसे पूछूंगा कि क्या वह भी रकीबुल हुसैन की तरह बीफ पर प्रतिबंध लगाने की वकालत करते हैं, अगर हां, तो मुझे सूचित करें। मैं अगले विधानसभा सेशन में बीफ पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दूंगा।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, गवर्नर करेंगे ब्याज दरों पर फैसला

# रेपो रेट बढ़ने पर ब्याद दर बढ़ेगी और महंगा होगा होम लोन

**एजेंसी/नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक की तीन दिनों तक चलने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक बुधवार को शुरू हुई। बैठक में ब्याज दरों पर फैसला लिया जाएग। जो शुक्रवार को गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा एमपीसी के फैसले की घोषणा के साथ खत्म होगी। हालांकि, ज्यादातर विश्लेषकों का अनुमान है कि आरबीआई की दर-निर्धारण समिति मुख्य रेपो दर को स्थिर रखेगी। आरबीआई गवर्नर की चुनौती मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना और विकास के लिए तरलता को न्यूनतम बढ़ावा देना है।

अगर रेपो रेट बढ़ाया जाता है, तो बैंक से मिलने वाला कर्ज भी महंगा हो जाएगा। लिहाजा, जहां नया होम लोन महंगा हो जाएगा। वहीं, पुराने चल रहे होम लोन की ईएमआई भी पहले की तलुना में बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर आम लोगों और रियल इस्टेट सेक्टर पर पड़ेगा। बेसिक होम लोन के सीईओ अतुल मोंगा को उम्मीद है कि आरबीआई मौजूदा वैश्विक आर्थिक स्थिति को देखते हुए आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए रेपो दर में बदलाव नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आरबीआई मुद्रास्फीति को संतुलित करने और आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए रेपो दर को 6.5% पर ही पहले जैसा रखेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक स्थितियां, विशेष रूप से चुनावों के बाद अमेरिका में नई व्यवस्था और यूरोजोन की स्थिति, आरबीआई के फैसले को काफी हद तक प्रभावित करने की उम्मीद है। अगर अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रीय बैंक सख्त मौद्रिक नीतियां अपनाते हैं, तो आरबीआई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को एक प्रमुख कारक बताते हुए 'तटस्थ' रुख अपना सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि रेपो दर में बदलाव नहीं होने से घरों की मांग स्थिर रहेगी।

**रियल स्टेट सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा :** गौड़ ग्रुप के सीएमडी और क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष मनोज गौड़ ने कहा कि यदि आरबीआई रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रखता है, तो यह रियल एस्टेट सेक्टर के लिए उत्साहजनक होगा। यह बाजार में स्थिरता का संकेत देगा और खरीदारों और डेवलपर्स दोनों के बीच विश्वास बढ़ाएगा। आरबीआई भविष्य में संभावित दरों में कटौती का संकेत दे रहा है, जिससे घर खरीदारों को राहत मिल सकती है। हालांकि, किफायती आवास खंड एक चिंता का विषय बना हुआ है।



# जहां सब लोगों की गर्दन झुकी हो वहां खड़ी गर्दन नजर में चढ़ती है: शिवानंद तिवारी

- शिवानंद तिवारी ने सोशल मीडया पर डाला पोस्ट, लालू जी के गुणों पर डाला प्रकाश

**केटी न्यूज/पटना**


फाइल फोटो।

अपने स्वाभिमान की रक्षा स्वयं करनी होती है। इसमें जोखिम भी है। जहां सबकी गर्दन झुकी हो वहां खड़ी गर्दन नजर में चढ़ती है। मुझे याद है कि जब मैं नीतीश कुमार को छोड़कर लालू जी के साथ आया था उस समय तक लालू जी की सभाओं का अंदाज कुछ बदल गया था। लालू जी अकेले कुर्सी पर बैठते थे और बाकी लोग मंच के फर्श पर। मिलन के बाद जब पहली मर्तबा लालू जी मुझे अपने साथ एक सभा में ले गए। वहां मैंने देखा कि मंच पर एक ही कुर्सी रखी हुई है, वह लालू जी के लिए। बाकी लोग फर्श पर। मुझे यह अपमान जनक लगा और मैं मंच पर बैठा ही नहीं। पीछे की तरफ मंच के घेरा के लिए जो बांस बल्ला लगा था उसी के सहारे टेक कर मैं खड़ा हो गया। जब बोलने के लिये मेरा नाम पुकारा गया तो मैं माइक पर गया और जो बोलना था, बोला और उसके बाद फिर अपनी जगह पर जाकर खड़ा हो गया। अगली सभा में भी यही हुआ। लालू जी अपने स्कूली जीवन से बहुत नजदीक से जानते हैं। वे तुरंत समझ गए। तीसरी सभा में स्थिति बदल गई। दो कुर्सी लगने लगी, एक पर लालू जी दूसरी पर मैं।

## बक्सर के एक गांव में लालूजी को एक मूर्ति का अनावरण करना था

पार्टी कार्यकताओं के बीच कड़क स्वभाव वाले नेता के रूप में प्रसिद्ध जगता भाई का भी एक किस्सा सुन लीजिए। बक्सर के एक गांव में लालूजी को एक मूर्ति का अनावरण करना था। जगता भाई ने ही वह कार्यक्रम लिया था। उसके पहले बक्सर लोकसभा क्षेत्र से ही राजद उम्मीदवार के रूप में मैं लोकसभा का चुनाव से लड़ चुका था। उसी क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर विधानसभा तत्कालीन विधायक छेदी राम जी थे। उस कार्यक्रम की खबर न तो छेदी जी को थी न मुझे। छेदी जी ने ही मुझे इसकी जानकारी दी। मैंने लालू जी से इसकी शिकायत की और कहा कि मैं उस कार्यक्रम में नहीं जाऊंगा। लेकिन लालू जी ने दबाव डाला तो उन्हीं के साथ हेलिकॉप्टर में मैं वहां गया। वहां हेली पैड पर जगता भाई भी स्थानीय लोगों के साथ लालू जी की स्वागत के लिये संभवत: कांति सिंह जी भी वहां मौजूद थीं। लालू जी के साथ मैं जिला के साथियों के साथ मंच पर पहुंचा। मैंने देखा कि मंच पर एक ही कुर्सी रखी है। नीचे श्रोताओं के लिए कुर्सी का इंतजाम था। नीचे से मैंने कुर्सी मांगी और लालू जी के लिए रखी गई कुर्सी के बगल में अपनी कुर्सी और उस पर आसन जमा कर मैं बैठ गया। लालू जी मंच पर आए। बगल वाली कुर्सी पर जम गए। पीछे पीछे जगता भाई और उनके पीछे अन्य लोग। मंच के बायीं ओर सब लोग। अब जगता भाई संकट में। अगर मैं भी उनकी तरह मंच के फर्श पर बैठा होता तो कोई बात नहीं थी। लेकिन मैं कुर्सी पर वे फर्श पर। यह उनके लिए शर्मिंदगी की बात थी। उनके क्षेत्र के भी लोग सभा में आए हुए थे। अंत में जगता भाई बाँयें से उठकर दाहिनी ओर आकर बैठ गये। उनको लगा होगा कि दाहिनी ओर बैठेंगे तो लालू जी की नजर उन पर जाएगी ही और वे उनके लिए कुर्सी मंगा ही देंगे। लेकिन लालू जी तो लालू जी ठहरे वे कहां कुर्सी मंगाने जाएं।
जगता भाई मंच से उतर कर पीछे की ओर चले गये और जाकर खेत के आर पर बैठ गए। अंत में सभा अध्यक्ष ने बोलने के लिए जगता भाई का नाम पुकारा. लेकिन वे नहीं आए. अध्यक्ष ने उनका नाम दुबारा पुकारा। तब लालू जी ने भोजपुरी में ही कहा कि कहां गइले जगता! खेत के आर ओर पर बइठल बाड़े का?' उसके बाद तो जगता भाई लगभग दौड़ते हुए मंच पर आये और जैसे तैसे भाषण की औपचारिकता पूरी की। लालू यादव में आदमी को तौल लेने का विशेष गुण है। उनके सामने जल्दी कोई अपने को छुपा नहीं सकता। जगता भाई के साथ भी उस दिन लालू यादव ने उनकी तौल के अनुसार ही व्यवहार किया था।

उन्होंने फेसबुक पर डाले पोस्ट में बताया कि मुझे सहरसा की सभा याद है। शायद एयरपोर्ट रनवे के बगल में, मंच बहुत छोटा था। दो कुर्सी के बाद जगह कम बची थी। लेकिन उसी में आपाधापी मची थी। हमारे यहां नेता के साथ फोटो फ्रेम में दिखाई देने की बहुत ललक रहती है। उसी मंच पर मेरे पैर के पास टेकरीवाल साहब बैठे नजर आये। क्षण भर के लिए मुझे खराब लगा, लेकिन मैंने मुंह फेर लिया। जब टेकरीवाल साहब बेपरवाह वहां बैठे थे तब वहां की व्यवस्था में क्यों दखल देने जाऊं!

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 100 बेड के मातृ-शिशु अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

# पीएम के मार्गदर्शन व सीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा है सुदृढ़ : मंगल पांडेय

- सारण जिले के लोगों को मिली 70.34 करोड़ की योजनाओं की सौगात
- सदर अस्पताल में हीं 3.89 करोड़ रुपये की लागत से बने 42 बेड का प्री-फैब अस्पताल

**केटी न्यूज/छपरा**




सूबे में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार संकल्पित है। इसी कड़ी में छपरा सदर अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आधुनिक सुविधाओं से लैस 21.26 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 100 बेड का मातृ शिशु अस्पताल, सदर अस्पताल में हीं 3.89 करोड़ रुपये की लागत से बने 42 बेड का प्री-फैब अस्पताल और जिले के अलग-अलग प्रखंडों में नवनिर्मित सात उपस्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया। मंत्री ने कुल 70.34 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

वहीं सदर अस्पताल में नये मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नारेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि ग्राम पंचायत स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे, उसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज यहां 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल का शुभारंभ किया है। उन्होने कहा कि सारण में ऐसा कोई प्रखंड नहीं है जहां 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र न हो। लगभग सभी प्रखंडों में 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। उन्होने कहा था कि पहले लोगों ने कल्पना नहीं किया था कि सदर अस्पताल में सिटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। लेकिन मैने इस कल्पना को पूरा किया है। अब लोगों को यहां सिटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार देश में अग्रणी राज्यों शामिल हो रहा है।

**100 बेड का बनेगा नया 4 मंजिला मॉडल सदर अस्पताल:** स्वास्थ्य मंत्री ने भूमि पूजन कर मॉडल सदर अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होने कहा कि पूराने भवन को तोड़कर 39.20 करोड़ की लागत से 100 बेड का नया मॉडल सदर अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। मंत्री ने आदेश दिया कि 15 दिसंबर तक नये एमसीएच भवन में सदर अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड को शिफ्ट कर निर्माण कार्य शुरू कराएं। ताकि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। पुराने जर्जर बिल्डिंग में अस्पताल संचालित होने से कई तरह की कठिनाईयां होती थी जो अब दूर हो जायेगी। मौके पर छपरा विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, एमएलसी सच्चिदानंद राय, पूर्व एमएलए ज्ञानचंद मांझी, जिलाधिकारी अमन समीर, सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, डीएस डॉ. आरएन तिवारी, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डीएमएनई ब्रजेश कुमार, अस्पताल प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद यूनिसेफ के एसएमसी आरती त्रिपाठी, पीरामल से डॉ. रविश्वर, हरिशंकर प्रसाद, बंटी कुमार रजक

## इन योजनाओं का हुआ उद्घाटन

- 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल, छपरा - 21.26 करोड़
- 42 बेड का प्री-फैब अस्पताल, छपरा 3.89 करोड़
- 20 बेड का प्री-फैब अस्पताल, जलालपुर 37 लाख
- 20 बेड का प्री-फैब अस्पताल, मांझी- 37 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पचभिण्डा 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, केरवा - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, शेभेपुर - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, डेरनी - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, काजीपुर - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, आलोनी - 75 लाख
- स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जिल्काबाद 75 लाख
- सदर अस्पताल परिसर में शिलान्यास: मॉडल अस्पताल, छपरा - 39.20 करोड़ रुपये

## आधुनिक सुविधाओं से लैस है एमसीएच

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मरीजों को बेहतर सेवा देने के उद्देश्य से मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण कराया गया है। यहां पर मां और बच्चे का संपूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां पर सारी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। प्रसव पीड़िता को इस अस्पताल में एक बार भर्ती किए जाने के बाद प्रसव के उपरांत उसकी देखभाल एवं नवजात को किसी प्रकार की समस्या होने पर आईसीसी एवं एसएनसीयू से लेकर तमाम सुविधाएं इस बिल्डिंग में उपलब्ध है। प्रथम तल पर प्रसव कक्ष, आईसीयू, ओबीजी, एचडीयू, पीआईसीयू, एसएनसीयू, एमएनसीयू वार्ड बनाया गया है। दूसरे तल पर जेनरल आईसीयू, वार्ड, नर्सिंग स्टेशन बनाया गया है। तीसरे तल पर एनआरसी, इसीजी, डेंटल, साईक्लोजी रूम बनया गया है। चौथे तल पर आयुष वार्ड, कंसल्टेंट रूम, योगा रूम, न्यूरोपैथी, मेडिकल रिकार्ड रूम बनाया गया है। इस अस्पताल में के दोनों द्वार के समीप से सीढी बनाया गया है जो की चौथे माले तक जाएगा। इसके साथ ही दोनों गेट से सटे 2-2 लिफ्ट भी लगे हैं। डॉक्टर, अस्पताल कर्मी या मरीज एवं उनके परिजन भी इस लिफ्ट की सुविधा ले सकेंगे। इस भवन को रैंप से भी कनेक्ट किया गया है, ताकि एंबुलेंस से प्रसव पीड़िता को उतारने के तुरंत बाद उसे लेटे अवस्था में ही रैंप के माध्यम से ट्रॉली बेड से ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचाया जा सके अथवा चौथे माले के वार्ड से मरीज को ट्राली के माध्यम से भी नीचे लाया जा सके।

# शिक्षकों को मिली सौगात: इस बार साल में होंगी 72 छुट्टियां



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में 2025 में होने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार एक साल में 65 दिन त्यौहार एवं गर्मियों की छुट्टी के लिए निर्धारित है। हालांकि छुट्टी 72 दिनों की है, जिसमें सात दिन रविवार है। इस वर्ष 2024 में छुट्टियों को लेकर काफी विवाद हुआ था, जिसको देखते हुए अब शिक्षकों को एक तरह से शिक्षा विभाग की ओर से बड़ी राहत दी गई है।

2024 में दीपावली और छठ में लगातार छुट्टी नहीं दी गई थी। इसको लेकर काफी विवाद भी हुआ था। छठ में नहाय-खाय और खरना के दिन की छुट्टी नहीं थी। विवाद हुआ तो खरना के दिन छुट्टी दी गई थी। भाई दूज की भी छुट्टी नहीं थी। इस बार 20 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक यानी दीपावली से छठ तक लगातार शिक्षकों को छुट्टी मिल जाएगी। हालांकि गर्मी की छुट्टी में कटौती की गई है. हर बार एक महीने की गर्मी की छुट्टी होती थी, लेकिन नए कैलेंडर 2025 के अनुसार अब 20 दिन की गर्मी की छुट्टी होगी। दो जून से 21 जून तक गर्मी की छुट्टी दी गई है।

**पर्व के दौरान छुट्टी में कोई कटौती नहीं :** मकर संक्रांति, रक्षाबंधन, जितिया, हरतालिका तीज, अनंत चतुर्दशी आदि की भी छुट्टी दी गई है। कहा जाए तो इस बार पर्व के दौरान छुट्टियों में कटौती नहीं की गई है। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि मुस्लिम के त्यौहार में चांद का महत्व होता है इसलिए चांद के देखने के बाद छुट्टी में बदलाव किया जा सकता है। साथी गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती के दौरान सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक स्कूल में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम के आयोजन के बाद विद्यालय की छुट्टी होगी। वहीं निर्देश दिया गया है कि दीपावली से लेकर छठ तक 10 दिन और गर्मी में 20 दिनों के लिए छुट्टी है ऐसे में दो बार लंबी छुट्टी है तो इस दौरान शिक्षक गृह कार्य के लिए छात्र-छात्राओं को होमवर्क देंगे। विद्यालय खुलने पर यह शिक्षक का दायित्व होगा कि होमवर्क का वे मूल्यांकन करेंगे।

# पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों को मिली बड़ी राहत: राज्य के आंदोलनकारियों के आगे झुका केंद्रीय चयन पार्षद

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय चयन पार्षद के खिलाफ आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी गई है। पार्षद ने अब निर्णय लिया है कि ईडब्ल्यूएस का जो सर्टिफिकेट है, जिस आधार पर यह लोग आंदोलन कर रहे थे। उस सर्टिफिकेट के आधार पर किसी को भी आयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। केंद्रीय पार्षद ने बुधवार को कहा कि पूरे मामले में समान प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर आगे की जानकारी और आगे का आदेश मांगा गया है। केंद्रीय पार्षद ने कहा है कि जो भी अभ्यर्थी दौड़ कार्यक्रम में भाग लेंगे, वह जो प्रमाण पत्र लेकर आएंगे उसी आधार पर वह भाग ले सकते हैं, लेकिन उनको आयोग नहीं ठहराया जाएगा यह बड़ी राहत दे दी गई है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने विषयांकित विज्ञापन के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम दिनांक 09 दसंबर से निर्धारित है।

**सामान्य प्रशासन विभाग को दिया गया निर्देश :** पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की कण्डिका 17 में इउ एवं ईबीसी आरक्षण को कोटि के अभ्यर्थियों से संबंधित (एमसीएल) की कट-ऑफ तिथि और ईडब्ल्यूएस आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की काल अवधि एवं कट-ऑफ तिथि अंकित न होने के कारण इन प्रमाण पत्रों के लिए कट-ऑफ तिथि आदि पर मार्गदर्शन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया है। नोटिफिकेशन में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि दिनांक 09 दिसंबर से आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) एवं दस्तावेज सत्यापन में उक्त आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों को उक्त प्रमाण पत्रों की काल अवधि अथवा निर्गम तिथि के आधार पर अयोग्य/ असफल घोषित नहीं किया जायेगा। इस पर निर्णय विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में लिया जाएगा। शेष बिंदु पर निर्णय विज्ञापन एवं पूर्व प्रकाशित सूचनानुसार रहेंगे।

## जेडीयू के नेताओं ने भी मिलाए उपराष्ट्रपति के सुर में सुर

**पटना।** जेडीयू के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता राजीव रंजन ने बुधवार को कहा कि जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति हैं, महामहिम हैं। उनकी बातों से असहमत होने का सवाल ही नहीं है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जो भी बातें कहीं, उसका एक व्यापक संदर्भ है। उन्होंने कहा है कि जो कुछ अब तक किसानों के लिए होना चाहिए था वह नहीं हुआ है, लेकिन हम लोग कहना चाहते हैं कि मोदी सरकार के शासनकाल में कृषि क्षेत्र में जो ग्रोथ रेट है वह अच्छा है। इससे यह पता चलता है कि कृषि से जुड़े उत्पादों कि उत्पादन, उनकी खपत, और वितरण को लेकर जो संभावनाएं हैं वह पहले से बेहतर हैं। किसानों की हालत पहले से बेहतर है। बहुत कुछ हासिल हुआ है। बहुत कुछ हासिल होना बाकी है। वहीं जेडीयू कोटे के मंत्री श्रवण कुमार ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति केंद्र सरकार को सचेत करने का काम कर रहे हैं कि किसानों के हित की जो बात है। उसका निपटारा किया जाए। उपराष्ट्रपति ने कुछ भी गलत नहीं कहा है। मैं कहना चाहता हूं कि केंद्र सरकार ने जो वादा किया है उसको पूरा करें।

### सामुदायिक रेडियोकर्मियों का स्वास्थ्य विषय पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू

# जागरूकता के लिए सामुदायिक रेडियो की भूमिका अहम

**केटी न्यूज/पटना**



स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जनजागरूकता के लिए बुधवार को यहां राज्य के नौ सामुदायिक रेडियोकर्मियों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू हुआ। स्वैच्छिक संस्था सीकिंग मॉडर्न अप्लीकेशंस फॉर रियल ट्रांसफार्मेशन (स्मार्ट) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में रेडियो मयूर (छपरा), रेडियो गूंज (हाजीपुर), रेडियो मयूर (छपरा), रेडियो स्नेही (सीवान), रेडियो रिमझिम व रेडियो वर्षा (दोनों गोपालगंज) तथा रेडियो एक्टिव व रेडियो ग्रीन (दोनों भागलपुर) आदि के संचारकर्मी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए स्मार्ट की संस्थापक निदेशक अर्चना कपूर ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता के लिए और सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन का पहुंचाने में सामुदायिक रेडियो की बड़ी जिम्मेवारी है।

कालाजार रोग और इसके उन्मूलन के बारे में राज्य के अपर निदेशक सह एसपीओ (वेक्टर बोर्न डिजीज) डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि राज्य से कालाजार का उन्मूलन तकनीकी रूप से जरूर हो गया है। लेकिन इसका खतरा टला नहीं है। इसलिए सावधानी और सतर्कता अभी भी जरूरी है। इसलिए इसे लेकर समुदाय में निरन्तर संचार जरूरी है। सामुदायिक रेडियो की इसमें भूमिका बड़ी हो जाती है।

**टीबी का सम्बन्ध आपके खानपान से भी :** टीबी रोग और इसके उन्मूलन के बारे में राज्य के अपर निदेशक सह एसपीओ (टीबी) डॉ. बीके मिश्रा ने बताया कि टीबी कभी भी और किसी को भी हो सकता है। इसलिए किसी भी सर्दी-खांसी को हल्के में लेकर टाले नहीं। टीबी का सम्बन्ध आपके खानपान से भी है। यदि पौष्टिक आहार नहीं है तो यह ज्यादा परेशान कर सकता है। इसलिए लोगों को उनको उनके व्यवहार परिवर्तन के बारे में भी समझाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इसके उन्मूलन के लिए देशव्यापी प्रयास हो रहे हैं और कई योजनाएँ चल रही हैं। आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाना जरूरी है। कार्यशाला में पिरामल के प्रशान्त कुमार सहित राकेश कुमार, स्वाति, संतोष कुमार, प्रवीण तिवारी आदि ने भी अलग-अलग विषयों पर विचार व्यक्त किये।

## आम जनमानस व श्रोताओं को सही जानकारी दें

बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की कंट्री हेड पूजा सहगल ने बताया कि किसी भी नई योजना और कार्यक्रम को बनाने और उसे लागू करने में आरम्भ में परेशानी होती है। आम लोगों को इसके बारे में समझाने और उनको सहमत करने में शुरूआती दिक्कत आती है। ऐसे में सामुदायिक रेडियो अपने-अपने इलाके में जनमत निर्माण और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने अपील की कि सही तथ्यों के साथ सृजनात्मकता का उपयोग करते हुए आम जनमानस और अपने श्रोताओं को सही जानकारी दें और प्रचार-प्रसार में सहयोग करें।



केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में दिव्यांग मतदाताओं की सहभागिता है जरूरी: डीएम

♦ दिव्यांगों को मतदान अधिकार के प्रति जागरूक करने एवं अधिक सार्थक बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित

**केटी न्यूज/बक्सर**





अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य पर दिव्यांगजनों को उनके मतदान अधिकार के प्रति जागरूक और प्रेरित करने एवं अधिक सार्थक बनाने के लिए बुधवार को बुनियाद केंद्र एवं नगर भवन बक्सर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डीएम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांगजनों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो भी दिव्यांग मतदाता जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम पंजीकृत नहीं है, वे इस विशेष अभियान के दौरान अपना नाम नजदीकी बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

लोकतंत्र में दिव्यांग मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में नाम होना बहुत जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है और आप अपने मत का प्रयोग करके आप अच्छे जनप्रतिनिधि का अच्छा चुनाव कर सकते हैं। डीएम ने कहा कि लोकतंत्र के मजबूती के लिए दिव्यांग मतदाताओं द्वारा अधिक से अधिक मतदान करना जरूरी है।

उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप, बनाया गया है, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए है। आप अपने मोबाइल में सक्षम ऐप डाउनलोड करके 85 प्लस एवं 40 प्रतिशत दिव्यांगता कोटी वाले दिव्यांगजन मतदाता घर बैठे मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से कर सकते हैं। इतना ही नहीं आयोग के द्वारा अश्रवण एवं दृष्टि बाधित लोगों के लिए सहायक उपकरण या प्रशिक्षित कर्मचारी भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि मतदान के दिन वह अपना बहुमूल्य मत का प्रयोग कर सके।

दिव्यांग मतदाता को मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता रहती है। मतदान के दिन दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए व्हील चेयर की सुविधा एवं मुफ्त परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता सूची में केवल युवा ही नहीं ,बल्कि पुरुष, महिला, वृद्धजन (85$) ट्रांसजेंडर एवं दिव्यांग मतदाता सभी का समावेशी मतदाता सूची में नाम पंजीकृत रहता है। अभी भी जो दिव्यांग मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है उनके लिए उत्तर सूची में नाम जोड़ने हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। ताकि जो अभी भी मतदाता सूची में पंजीकरण से वंचित रह गए हैं वह हर हाल में अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा ले। कहीं भी कोई दिक्कत या परेशानी हो तो हमारे जिला निर्वाचन कार्यालय से या टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं या किसी भी शिकायत एवं सुझाव के लिए हमें निर्वाचन कार्यालय में बता सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### डीएम के जनता दरबार में आए 22 आवेदन

**बक्सर।** गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के जनता दरबार में कुल 22 आवेदन आए। जिस पर डीएम ने बारी बारी से सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों को उक्त आवेदन को अग्रसारित कर एक सप्ताह के अंदर उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेवारी है। उन्होंने फरियादियों से कहा कि आप एक सप्ताह बाद संबंधित अधिकारी से प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ले सकते है।

### नथुनी बने जदयू अनुसूचित जन जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**डुमरांव।** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड अनुसूचित जन जाति प्रकोष्ठ के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र उराँव ने 55 सदस्यीय कमिटि का विस्तार किया है। इसी विस्तार के दौरान डुमरांव के नथुनी प्रसाद खरवार को अनुसूचित जन जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि मुझे तीसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है। मैं सदैव पार्टी के हित में काम करता रहूंगा। उनको प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल प्रसाद गुप्ता, मिंटू हाशमी, विशोका चंद्र सहित अन्य ने किया है।

### लग्न में एनएच 120 सड़क पर लगा जाम

**डुमरांव।** शादी-विवाह के मौसम में एनएच 120 मुख्य सड़क पर हर दिन जाम का नजारा बना रहता हैं। इस सड़क पर पैदल गुजरना भी मुश्किल हो जाता हैं। लग्न को लेकर मुख्य सड़क स्टेशन रोड के व्यवसायी दो माह पहले ही तैयारी पूरी कर बिक्री की आस लगाये रहते है। इन दुकानों पर आसपास के गांवों के लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, इस बाजार को जाम की समस्याओं से लंबी फेहरिस्त झेलनी पड़ती हैं। घंटों जाम के कारण कारोबार पर गहरा प्रभाव पड़ता हैं। जिस वजह से कारोबारियों के बीच मायूसी पसरी रहती है। सड़को पर लगे जाम में बाराती और दूल्हे की गाड़ियां घंटों फंसी रहती है। जिससे शादी का शुभ मुहूर्त छूटने का भय रहता है।

## एसजेवीएन कंपनी के नाम पर हजारों नौजवानों से हुई करोड़ों रुपए की ठगी

# विस में गुंजेगा नौकरी के नाम पर ठगी का मामला, विधायक ने दिया आश्वासन

♦ विधायक को युवाओं ने सुनाया अपना दर्द

**केटी न्यूज/डुमरांव**



चौसा स्थित एसजेवीएन कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों युवाओं से करोड़ो की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों ने अपने नेटवर्क में बक्सर के साथ ही राज्य के अन्य जिलों के नौजवानों को झांसा दे ठगी किया हैं। इतना ही नहीं इस नेटवर्क के जाल में देश के अन्य राज्य के नौजवान भी लपेटे में आए हैं। बुधवार को ठगी के शिकार हुए दर्जनों नौजवान डुमरांव विधायक अजीत कुशवहा से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। विधायक के सामने युवाओं ने अपना दुखड़ा बताया और कहा कि किस तरह से वे फजीर्वाड़े के शिकार हुए है।

विधायक ने उन्हें यह कहते हुए राज हाईस्कूल के खेल मैदान में लेकर गए की जगह कम है। फिर वहा जाकर विधायक ने उनकी एक-एक बात सुनी। फिर उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि इस अग्रेत्तर कार्रवाई के लिये जो बनेंगा किया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अगले सत्र में इनके साथ हुई ठगी का मामला विधान सभा में भी गुंजेगा। विधायक के इस आश्वासन के बाद ठगी के शिकार युवाओं में इस बात की उम्मीद जगी है कि उनका आर्थिक दोहन कर कैरियर खराब करने वाले जालसाजों पर कार्रवाई होगी।

इस संबंध में ठगी के शिकार हुए नौजवानों ने केटी न्यूज के साथ वार्ता के क्रम में बताया कि तेतरहर जो सिकरौल थाना में पड़ता है वहां के रंजन कुमार और उनके बहनोई हरौजा निवासी अजय कुमार ने मिलकर उन्हें एसजेवीएन कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दे ठगा है। नौजवानों ने बताया की 2 लाख से लेकर 5 लाख रुपए तक की ठगी हुई है। विभिन्न शहरों से आए नौजवान अजीत यादव, विकास कुमार, अनु गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, राजू कुमार, शिवम कुमार, ओम प्रकाश, आलोक कुमार, बसंत कुमार दूबे, जीतेन्द्र कुमार, अनु चौधरी, रवि पाल, धनजी यादव, विकास कुमार, लव कुमार सहित अन्य ने बताया कि दोनों लोग देश के विभिन्न जगहों पर ले गए, जहां पर एसजेवीएन कंपनी का काम चल रहा है। कई लोगों को बजाप्ता उसके द्वारा योगदान करने का पत्र भी दिया गया था। सभी नौजवानों से कंपनी का जहां काम चल रहा था, उसके बाहर में सफाई का काम करवाता था। कुछ दिन हो गया तब नौजवानों को इसके नियत पर शक होने लगा और उन्होंने कंपनी में काम करने का दबाव बनाने लगे।

**चौसा में बन रहा है 1320 मेगावॉट का थर्मल पॉवर प्लांट :** चौसा में 1320 मेगावॅाट का थर्मल पॉवर प्लांट बन रहा है। प्लांट का निर्माण एसजेवीएन कंपनी के जिम्मे है। वहीं, कई युवाओं को इस कंपनी में नौकरी भी मिला है। यही कारण है कि जालसाजों के झांसे में युवा आसानी से आ गए। युवाओं का कहना था कि शुरू में उनलोगों को जालसाजों पर शक नहीं हुआ, लेकिन जब कंपनी के गॉर्ड ने जालसाजों द्वारा दिए गए आई कार्ड को फर्जी बता अंदर जाने से रोका तो उन्हें यह समझ में आ गई कि उनके साथ जालसाजी हुई है। पीड़ित युवाओं द्वारा इस संबंध में किसी थाने में शिकायत नहीं की गई है।

### भनक लगी तो दोनों जालसाज हो गए फरार

जब नौजवान कंपनी के गेट पर जाकर जालसाज द्वारा जारी आई कार्ड को उनको दिखाकर अंदर जाने की कोशिश की तो गेटमैन ने रोक दिया और कहा की यह असली नहीं, नकली है। फिर सभी के होश उड़ गए और तब उन लोगों ने जिसको पैसा दिया था, खोजना शुरू किया। जैसे ही इसकी भनक लगी दोनों जालसाज फरार हो गए। फिर उनलोगों द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर फोन करने लगे तो स्वीच ऑफ बताने लगा। फिर इनके द्वारा उसके घर पर फोन होने लगा तो वहां से उन्हें धमकी मिलने लगी। इनका कहना था जैसी नौकरी वैसी राशि उसके द्वारा लिया गया था। इनके द्वारा बताया गया की 2 लाख से लेकर 10 लाख तक की वसूली उसके द्वारा की गई है। सभी का कहना था कि कोई अपनी मां का तो कोई अपनी पत्नी का गहना बेच पैसा जमा करे उसे दिया था। कोई कर्ज लेकर तो कोई बहन की शादी के लिये रखे घर का पैसा नौकरी की लालच में दिया था। सभी नौजवानों को विधायक ने आश्वासन दिया की आपकी लड़ाई हम लड़ेंगे। अगले विधान सभा सत्र में भी इसे उठाया जाएगा। नौजवानों में काफी आक्रोश देखा गया। फिर विधायक के कहने पर शांत हुए और अपने-अपने गांव लौट गए।

# अतिक्रमण मुक्त होगा अखौरीपुर गोला

**केटी न्यूज/चौसा**



चौसा नगर पंचायत क्षेत्र के अखौरीपुर गोला स्थित मुख्य सड़क तिमुहानी को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा। नगर पंचायत ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। नगर पंचायत प्रशासन ने माइकिंग करा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि 24 घंटे में अतिक्रमण को हटा ले। ऐसा नहीं करने पर शुक्रवार को अभियान चला अतिक्रमण हटाया जाएगा।

बता दें कि इस जगह पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। जाम की वजह से आने जाने वाले लोगों की परेशानिया बढ़ जाती है। इसको लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन से लगयत अनुमंडल स्तर तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। थोड़े दिनों तक ठीक रहा। ठेला, गुमटी लगाने व ऑटो चालकों द्वारा ऑटो स्टैंड बना दिये जाने से मुख्य सड़क तिमुहानी पर फिर वही स्थिति बन गई है। जिसको लेकर चौसा नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए वह प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है। नपं के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के लिए नगर पंचायत द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा। आगामी दिनों में चौसा नगर पंचायत के अखौरीपुर गोला को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाई जाएगी। इसके लिए पहले से ही लोगों को आगाह करने हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिससे वह अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा।

# अवैध खनन कर ले जाई जा रही सफेद बालू लदी ट्रैक्टर धराई, जब्त

**केटी न्यूज/चौसा**



मुफस्सिल थाना की पुलिस ने बुधवार को चौसा-बक्सर मार्ग स्थित कम्हरिया गांव के पास अवैध खनन कर ले जाई जा रही सफेद बालू लदी ट्रैक्टर पकड़ी है। जिसे थाने ला जब्त की कार्रवाई की गई। वही, इसकी सूचना खनन विभाग को दे दी गई है।

पुलिस ने बताया बुधवार की सुबह गस्त से लौट रही पुलिस को कम्हरिया गांव के पास सफेद बालू लदी एक ट्रैक्टर मिली। जिसका चालक पुलिस के आने से पहले भाग चुका था। उन्होंने बताया थोड़े देर चालक का इंतजार किया गया। चालक के नहीं आने पर पुलिस ने समझ लिया यह बालू लदी ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर जा रही थी। पुलिस को आते देख चालक फरार हो गया। जिसे थाने लाया गया। इसकी सूचना खनन को दी गई। बालू लदी ट्रैक्टर को जब्त की कार्रवाई की गई। पुलिस की माने तो टैज्क्टर के नंबर के आधार पर उसके मालिक के पहचान का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब हो कि इलाके में सफेद बालू की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। चौसा के अलावे सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में सफेद बालू की तस्करी कर बालू तस्कर मोटी रकम कमा रहे है।

## एक नजर

### एनएच 319 के लिए अधिगृहित भूमि का शीघ्र मिलेगा मुआवजा, प्रक्रिया शुरू



**बक्सर।** एनएच 319(ए) परियोजना अंतर्गत मौजा हरिपुर, लरई एवं कोडरवा में मापी कर मार्ग रेखांकन के अनुसार सीमांकन करते हुए भौतिक दखल कब्जा संबंधित विभाग को देने की कार्रवाई की जा रही है। भू अर्जन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कार्यकारी एजेंसी व संवेदक द्वारा जेसीबी इत्यादि से मिट्टी कटाई एवं भराई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्थल पर रैयतों द्वारा मुआजवा भुगतान के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके आलोक में संबंधित रैयतों से मुआवजा भुगतान शीघ्र कर दिया जाएगा। गुरूवार को को मौजा हरिपुर, लरई एवं कोडरवा में ही मापी कर मार्ग रेखांकन के अनुसार सीमांकन एवं भौतिक दखल कब्जा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। भू-अर्जन विभाग ने संबंधित हितबद्ध रैयतों को मुआवजा प्राप्त करने के लिए मौके पर पहुंच आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक कागजातों को जमा करने का निर्देश दिया है। ताकी उन्हें समय से मुआवजा दिया जा सकें।

### केसठ प्रखंड के 50 प्रतिशत से अधिक पुलों पर नहीं है रेलिंग, अधिकारी अनजान



**केसठ।** आरा भभुआ नेशनल हाइवे से निकल कर डुमरांव जाने वाली नहर मार्ग पर विभिन्न ग्रामीण सड़को व गांवों को जोड़ने वाले बने पुलों की रेलिंग टूटे पड़े है। जिन पे हादसे भी लगातार हो रहे है। जिसके बावजूद भी संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि अनजान बने हुए है। बीते कुछ ही दिन रात्रि में कतिकनार गांव के समीप एक कार रेलिंग नही होने नहर में बह रहे पानी में जा गिरी। संयोग अच्छा रहा था कि घटना के दौरान नावानगर थाना की पुलिस गश्ती में तैनात थी। पुलिस कर्मियो ने नहर में कूद कार का शीशा फोड़ पांच लोगो को निकाल केसठ पीएचसी में भर्ती कराया था। वही एक माह पूर्व भट्ठा पुल के पास पुल पर रेलिंग नही होने व पुल सरकीर्ण होने के कारण स्कॉर्पियो पलट गई जिसमे चालक समेत 4 लोग जख्मी हो गए थे। छोटे वाहनों का तो गिरना आम बात सी हो गई है। इस नहर मार्ग पर सात से आठ किलो मीटर दूरी में आधा दर्जन पुल रेलिंग विहीन है। जिसमे कुछ पुलों पर प्रतिदिन सैकड़ों बड़े छोटे वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इन टूटे रेलिंग वाले पुल से गुजरना खतरो से खाली नहीं है। जिसमे मुख्य नहर से निकलकर परमानपुर मार्ग, बुढ़ैला पुल, कातिकनार पुल जहां तीखा मोड़ के साथ रेलिंग विहीन है, केसठ बंगला चनवथ मोड़ पुल, यशोधरा महिला महा विद्यालय के समीप पुल, भट्ठा पुल मुख्य है। जहां पुल रेलिंग के अभाव में घटना होती रहती है। मजे की बात तो यह है कि लगातार हो रहे घटना दुर्घटना के बावजूद न तो इस ओर नहर विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है न जन प्रतिनिधि। वही जिला से लेकर प्रखंड प्रशासन भी चुपी साध किसी बड़े दुर्घटना का इंतजार कर रहा हैं। कतिकनार गांव के वार्ड सदस्य सतेंद्र सिंह ने बताया कि कई बार इसकी सूचना वरीय अधिकारी और स्थानीय प्रशासन को दी गई है। बावजूद अभी तक इस ओर कोई पहल नहीं की गई।वही ग्रामीण रजनीश कुमार बताते है कि अगर इस ओर कोई पहल नहीं हुई तो कोई बड़ी दुर्घटना होना तय है।

### स्कूलों में 75% उपस्थिति नहीं होने पर नपेंगे टोला सेवक व तालीमी मरकज शिक्षा स्वयं सेवक

**केसठ।** शिक्षा विभाग के महासुधार अभियान में स्कूलों व शिक्षकों पर चाप चढ़ाने के साथ पश्चात अब विभाग ने साक्षरता कर्मियों पर भी दबिश बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री दलित, महादलित, अल्पसंख्यक, अति पिछड़ा अक्षरांचल योजना के तहत कार्य कर रहे साक्षरता कर्मियों टोला सेवक एवं तालीमी मरकज शिक्षा स्वयं सेवकों को अपने पोषक क्षेत्र के विद्यालयों नामांकित बच्चों की 75 फीसद उपस्थिति सुनिश्चित करने का टास्क सौंपा गया है। उससे कम उपस्थिति पाए जाने पर संबंधित टोला सेवक व तालीमी मरकज शिक्षा सेवक को पद मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में शिक्षा विभाग ने गाइडलाइन जारी किया है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि सभी टोला सेवक व तालीमी मरकज शिक्षा स्वयंसेवक अपने पोषक क्षेत्र के विद्यालयों में नामांकित बच्चों की प्रतिदिन 75 फीसद उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। उससे कम उपस्थिति होने पर संबंधित साक्षरता कर्मियों को पद मुक्त करने की दिशा में नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।प्रखंड में कार्यरत 6 टोला सेवक व 2 तालीमी मरकज मुख्यमंत्री दलित, महादलित, अल्पसंख्यक व अति पिछड़ा अक्षरांचल योजना के तहत प्रखंड कुल 6 टोला सेवक व 2 तालीमी मरकज शिक्षा स्वयंसेवक कार्यरत हैं। जिनका दायित्व अपने पोषक क्षेत्र के 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का नजदीकी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराने के साथ उन्हें प्रतिदिन विद्यालय पहुंचाना है। साथ ही उन बच्चों को विद्यालय के पूरक शिक्षा (कोचिंग) देना भी है।

## खाकी बाबा के पूण्यतिथि पर मंचित हुआ फुलवारी प्रसंग, भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

# मनुष्यों के जीवन को पवित्र करने वाली है रामकथा: विद्याभास्कर जी

**केटी न्यूज/बक्सर**



पूज्य संत श्री खाकी बाबा सरकार की पुण्य स्मृति में आयोजित होने वाले 55 वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव के छठवे दिन आश्रम के परिकरों ने श्री रामचरितमानस जी का नवाह्न पारायण पाठ किया गया एवं दामोंह की संकीर्तन मंडली के द्वारा श्री हरि नाम संकीर्तन अखंड अष्टयाम किया गया।

पूज्य खाकी बाबा सरकार की पुण्यतिथि के अवसर पर महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय स्थित समाधि स्थल पर पूजा दर्शन एवं श्रद्धा सुमन अर्पण का कार्यक्रम पूज्य संतों एवं भक्तों के द्वारा किया गया। साथ ही आश्रम परिसर में पूज्य महाराज जी की स्मृति में चल रहे महोत्सव के दौरान विश्व प्रसिद्ध फुलवारी प्रसंग का मंचन किया गया जिसमें आश्रम के महान संत श्री राजाराम शरण जी महाराज स्वयं माली के रूप में थे। श्री सीताराम विवाह महोत्सव के अंतर्गत चल रहे श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा में कथा व्यास भारत के अप्रतिम विद्वान कौशलेश सदन अयोध्या के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री विद्या भास्कर जी महाराज के द्वारा राम विवाह से आगे की कथा का आज सुंदर वर्णन किया गया।

### श्रीराम कथा समस्त जीवों के लिए कल्याणकारी

महाराज ने कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि राम कथा मनुष्य जीवन को पवित्र करने वाली कथा है। श्रीराम कथा मोक्षदायिनी है। इस कथा के श्रवण से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा समस्त जीवों के लिए कल्याणकारी है। महाराज ने उपस्थित भक्त समुदाय से आह्वान किया कि हम सभी को वाल्मिकी रामायण का अध्ययन निश्चित रूप से करना चाहिए। उन्होंने कथा के दौरान श्रीराम के विवाह के पश्चात अयोध्या वापसी और उसके बाद महाराज दशरथ के द्वारा युवराज के रूप में उनका अभिषेक करने की घोषणा और फिर कैकई के द्वारा भगवान राम को राजगद्दी न सौंपने के लिए अपने तीन वरदान मांगने का प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। रामकथा तथा विविध तरह के धार्मिक आयोजन से इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हो रहे है। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे प्रभु श्रीराम के जयकारे से माहौल भक्तिमय बन जा रहा है।

इस अवसर पर आश्रम में समष्टि भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्र देवाचार्य जी महाराज, बसांव पीठाधीश्वर श्री अच्यूत प्रपन्नाचार्य जी महाराज, वृंदावन के महंत बनवारी दास जी महाराज, बृज बिहारी शरण जी महाराज, जनकपुर के मखाना बाबा, संगीता आचार्य स्वामी बनवारी लाल जी शर्मा, स्वामी फतेह कृष्ण शास्त्री समेत अनेक भक्त और संत उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह में शामिल हुए एमपी विधानसभा के अध्यक्ष

# उत्तर प्रदेश के प्राचीन वैभव को पुनर्स्थापित कर रहे हैं सीएम योगी आदित्यनाथ : नरेंद्र सिंह तोमर

- बोले तोमर.... गोरक्षपीठ व महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्रोत
- भगवान गोरखनाथ की धरा पर आकर हुए गदगद





**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एक समय वह भी आ गया था जब उत्तर प्रदेश में कोई आने को तैयार नहीं था। पर, योगी आदित्यनाथ ने जबसे मुख्यमंत्री के रूप में यहां कमान संभाली है तबसे यूपी का प्राचीन वैभव पुनर्स्थापित होने लगा है। कानून व्यवस्था की बात हो, निवेश लाने की, स्वास्थ्य क्षेत्र की सुदृढ़ता, गरीबी उन्मूलन या फिर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हर दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ाए हैं।

श्री तोमर बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ से वह कई भूमिकाओं में मिलते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में वह भक्तियोग का मार्ग दिखाते हैं तो उसी के समानांतर राजनेता के रूप में कर्मयोग का भी रास्ता बताते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उनकी अपनी जो साधना है वो तो प्रेरणादायी है ही, कर्मयोग के मार्ग पर चलते हुए एक राजनेता, सांसद व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किया है, उनकी जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। उन्होंने भगवान गोरखनाथ की धरा पर आगमन का आमंत्रण पाने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताया। श्री तोमर ने गोरक्षपीठ के प्रकल्प महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के व्यापक लोक सरोकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई भी आध्यात्मिक संस्था, पीठ या मठ सामान्यतः भक्ति योग की प्रेरणा देती है। पर, गोरक्षपीठ एक ऐसी संस्था है जो भक्तियोग के साथ कर्मयोग में रत होकर, इसकी प्रेरणा देकर नागरिकों के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। इस परिप्रेक्ष्य में गोरक्षपीठ और इसकी संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समूचे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

**एमपी शिक्षा परिषद का ध्येय सर्वांगीण विकास और लोक कल्याण का परम वैभव :** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष तोमर ने कहा कि कोई संस्था शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है तो कोई तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में। पर, बात जब महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की आती है तो हमारा ध्यान सर्वांगीण विकास और लोक कल्याण के परम वैभव की समग्र योजना की तरफ जाता है। आज इस परिषद के द्वारा 50 से अधिक संस्थाओं का संचालन करना यह अपने आप में अद्वितीय उदाहरण है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने शिक्षा के सर्वांगिण विकास के लिए जो काम किया है वह अपने आप में अद्भुत है और निश्चित रूप से प्रेरणादायी है।

**सीएम योगी के नेतृत्व में वट वृक्ष बना शिक्षा परिषद :** श्री तोमर ने कहा कि आजादी के बाद देश के भविष्य के लिए योग्य नागरिकों की तालिका खड़ी करने की दूरदृष्टि से ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने एमपी शिक्षा परिषद के जिस बीज को रोपा और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी ने उससे निकले पौधे को सींचा, वह आज योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। इसकी छाया में सारा पूर्वांचल आज अपने आप को गौरवान्वित कर रहा है।

### एनईपी से वैषयिक सीमाओं से परे हुई शिक्षा: प्रो. राजीव कुमार

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य सचिव) प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में शिक्षा को वैषयिक सीमाओं से परे कर दिया गया है। विद्यार्थी किसी भी स्ट्रीम से खुद को किसी और स्ट्रीम में शिफ्ट कर सकते हैं। एनईपी ने शिक्षा और रोजगार को एक बड़ा व्यापक क्षेत्र दिया है। इस शिक्षा नीति से विद्यार्थी अपनी डिग्री को अपने हिसाब से कस्टमाइज कर सकते हैं। प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने अपनी मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा दी है। तकनीकी शिक्षा आज 12 भारतीय भाषाओं में ग्रहण की जा सकती है। यह शिक्षा नीति युवाओं को आज की आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार उन्मुख होने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आज नियामक संस्थाएं शिक्षण संस्थानों के लिए सहयोगी की भूमिका में आ गई हैं।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा भारत

श्री तोमर ने कहा कि आज भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सूझबूझ और अदम्य साहस, कठोर परिश्रम के कारण भारत की ख्याति दुनिया के मानचित्र पर तेजी के साथ स्थापित हो रही है। एक कालखंड था जब भारत को वैश्विक मंचों पर बहुत तजब्बों नही मिलती थी लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते है कि कोई भी वैश्विक मंच पर दुनिया में नहीं है जिसका एजेण्डा भारत की अनदेखी करने का साहस कर सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें हम सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिणाम शनैः-शनैः परिलक्षित होंगे और इससे आमूलचूल बदलाव होगा। शिक्षा, देश को सुयोग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराने की माध्यम बनेगी।

## एक नजर

### संसद में गूंजी रेवती स्टेशन बहाली की मांग

**बलिया।** रेवती रेलवे स्टेशन बहाली की मांग बुधवार को संसद में गूंजी। इसके बाद आंदोलकारियो के चेहरे पर आशा की किरण जगी है। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने बुधवार को संसद में कहा कि रेवती रेलवे स्टेशन को हॉल्ट कर प्लेटफार्म की पटरी उखाड़ ली गई। जिसके चलते एक व्यक्ति मर चुका है और तीन लोग घायल हो चुके है। उन्होंने स्टेशन बहाल करने की मांग की। उधर मंगलवार के दिन प्रदर्शन के दौरान आरपीएफ से नोकझोक के मामले में आरपीएफ के कांस्टेबल रामजीत चौधरी ने रेवती थाने में महावीर तिवारी के विरुद्ध धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। इसी क्रम में बुधवार को छठवें दिन तबीयत खराब होने के कारण ओमप्रकाश उर्फ मुन्नु कुंवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अब 12वें दिन यानी बुधवार से भूख हड़ताल में सीताराम बैठे हैं।



### साइबर ठगो से बचने के लिए नेशनल क्राइम ब्यूरो को दें जानकारी : उपनिरीक्षक

**मऊ।** जिले के शिक्षा क्षेत्र रतनपुरा के गड़वा कंपोजिट विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी महिला हेल्पलाइन की उपनिरीक्षक माधुरी सागर ने दी। महिला हेल्पलाइन हलधरपुर की उप निरीक्षक माधुरी सागर ने कंपोजिट विद्यालय के परिसर में उपस्थित छात्राओं और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर ठगी या डिजिटल अरेस्ट से बचाव के लिए जरूरी है कि किसी अनजान नंबर से आने वाले कॉल पर घबराएं नहीं, सबसे पहले उसकी बात को सुनें और फर्जी कॉल आने पर उस कॉल को डिसकनेक्ट कर दें। वहीं, सबसे पहले जिसे अरेस्ट करने की बात कही जा रही है, उससे बात करने और स्थिति स्पष्ट होने पर तत्काल नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट कर दें। साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट के नाम पर पीड़ित को काल के जरिए बांधे रहते हैं, ताकि वह किसी और से बातचीत न कर सके। उन्होंने आगे कहा कि साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फि शिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मालवेयर हमले जैसे अपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। साइबर अपराध की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं जानती। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। जिसमें जागरूकता ही बचाव है, कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई तंत्र नहीं है, यह पीड़ित को मानसिक रूप से दबाव में बनाए रखने के लिए साइबर ठग अपनाते हैं। इसमें लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।



## विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी सरकार

- बोले सीएम... खेल से सबको खेलने, फलने और आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा



**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल की गतिविधियों को ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकास खंड और विधानसभा स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार सांसद खेल स्पर्धा की तर्ज पर विधायक खेल स्पर्धा को प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए विधायको का आह्वान किया जाएगा। गांव से लेकर विधानसभा स्तर तक होने के बाद इस स्पर्धा को जिले स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

सीएम योगी बुधवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ एवं षष्ठम ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को गत लीग में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलेटिक खिलाड़ी अभय को सौंपकर लीग के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से सबको खेलने, फलने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही बात कहते हैं कि जो खेलेगा वही खिलेगा। जो खिलेगा वही फलेगा और बढ़ेगा भी। पीएम मोदी की प्रेरणा से देश में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेल स्पर्धा और हर जिले में स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंटर स्थापित कर खेल की गतिविधियों को पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी तरह राज्य के अंदर भी खेल की गतिविधियों को बढ़ाने और आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के कार्यक्रम युद्व स्तर पर चलाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग इसी की कड़ी है।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्टों ने विद्युत निजीकरण के खिलाफ भरी हुंकार

**केटी न्यूज/बलिया**

विद्युत निजीकरण के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बुधवार की दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए गए। इस दौरान उप्र शासन को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में जिक्र किया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा वाराणसी एवं आगरा विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण करने का निर्णय लिया है। लंबे अरसे से भाजपा सरकार बिजली को निजी हाथों में देकर उनको मनमाना मुनाफा करने की छूट देना चाहती है। जनहित में इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। पावर कारपोरेशन जो घाटे का बात करता है। वास्तव में उसकी जड़ में सरकारी की नीतियां है। विद्युत सुधार के नाम पर तत्कालीन सुधार के नाम पर सरकार द्वारा वर्ष 2000 में विद्युत बोर्ड का विभाजन किया था और बताया था कि प्रति वर्ष 77 करोड़ रूपए का घाटा हो रहा है। इसके 25 वर्ष बाद घाटा बढ़कर एक लाख 10 हजार करोड़ हो गया। सरकार के विभाजन का प्रयोग पूरी तरह से विफल रहा। बिजली निजीकरण के विनाशकारी परिणाम हम सबके सामने हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा वाराणसी एवं आगरा विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण करने का जो निर्णय लिया गया है। उसे तत्काल वापस लें।




## बच्चों के लिए विटामिन 'ए' अभियान जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**केटी न्यूज/मऊ**

स्वास्थ्य व आईसीडीएस विभाग द्वारा विटामिन 'ए' समपूरण कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त नियोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल सिंह ने बताया कि 9 महीने से 5 वर्ष तक के कुल 2,48,402 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो राज्य स्तर से दिया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 04 दिसंबर 2024 से 03 जनवरी 2025 तक चलेगा, प्रत्येक बुधवार और शनिवार को बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी। एसीएमओ डॉ. संजय गुप्ता ने ब्लॉक से आए एमओआईसी, सीडीपीओ, बीपीएम, बीसीपीएम, एआरओ व एचईओ को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने सीएचओ को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया। डीसीपीएम संतोष सिंह ने बताया कि विटामिन 'ए' कार्यक्रम जनपद के सभी ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों में एएनएम द्वारा चलाया जाएगा, आशा अपने कार्य स्थल में 9 महीने से 5 वर्ष तक के बच्चों की लाइन लिस्ट बनाएंगे तथा उन्हें निर्धारित तिथियों पर दवा दी जाएगी। इस कार्यशाला में एसएमओ, डीएमसी जयराम सिंह व एआरओ ने भी भाग लिया।

## अगलगी में चार रिहायशी झोपड़ी जलकर राख

**केटी न्यूज/बलिया**



थाना क्षेत्र के ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में चार रिहायसी झोपड़िया सहित नगद व खाने-पीने के गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल को दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में बुधवार की दोपहर रामचंद्र गोंड पुत्र स्व. वस्जित गोंड के झोपडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले लिया तथा बगल के रामाश्रय खरवार पुत्र स्व. हरदेव राम तथा ममता देवी पत्नी मनोज राजभर के भी झोपडी को अपने चपेटे में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही गांव के आसपास के लोग दौड़े हुए आए तथा आग को बुझाने का प्रयत्न करने लगे करीब 2 घंटे अथक प्रयास के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। जब तलक रामचंद्र गोंड के दो रिहायशी झोपड़ी, बच्चे का इलाज कराने के लिए रखा करीब पचास हजार नगद, तीस कुंतल गेहूं, बीस कुंतल चावल, गहना, कपड़ा और गृहस्थी के सामान और बक्से में रखा जरूरी कागजात भी जलकर राख हो गए। वही रामाश्रय खरवार का एक झोपडी, चारपाई,कपड़ा, तथा गृहस्थी के सामान और ममता देवी का एक झोपड़ी, नगद, कपड़ा तथा गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गया। वही पीड़ितों का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गए है। घटना की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान स्वामी नाथ यादव ने हल्का लेखपाल तथा तहसीलदार को इसकी सूचना दिया और पीड़ितों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।




### कुम्भ के सफरनामे को कोरियोग्राफ के जरिए किया जाएगा प्रस्तुत

# महाकुम्भ में कुम्भ की गाथा सुनाएंगे देश के चर्चित कलाकार

**केटी न्यूज/प्रयागराज**




महाकुम्भ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने हेतु योगी सरकार अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना पर काम कर रही है। एक तरफ जहां बॉलीवुड के तमाम सितारे अपनी सुरीली आवाज में यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्म और संस्कृति के रस से सराबोर करेंगे तो वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक संध्या में महाकुम्भ से जुड़ी गाथाओं और रामलीला व महाभारत की लीलाओं का भी मंचन होगा। इन प्रस्तुतियों के लिए भी देश के दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पहुंचेंगे और श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 'हमारे राम' पर अपनी प्रस्तुति देंगे तो एक्ट्रेस और सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण पर कला का परिचय देंगी। महाभारत सीरियल फेम पुनीत इस्सर महाभारत की अपनी प्रस्तुति से लोगों को प्रचीन भारत के युग में ले जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम गंगा पंडाल में आयोजित किए जाएंगे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा इसका आयोजन किया जाएगा।

**अपनी कला से रोमांचित करेंगे सितारे :** अपनी अदाकारी से लोगों को रोमांचित करने नाले फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 25 जनवरी को गंगा पंडाल में हमारे राम की प्रस्तुति देंगे। इन नाट्य शो में वह रावण का किरदार निभाते हैं। वहीं 26 जनवरी को बॉलीवुड की लीजेंड एक्ट्रेस और मथुरा से सांसद हेमामालिनी गंगा अवतरण नृत्य नाटिका पर अपनी परफॉर्मेंस देंगी। वहीं 8 फरवरी को भोजपुरी और बॉलीवुड एक्टर व गोरखपुर के सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे, जबकि 21 फरवरी को पुनीत इस्सर महाभारत शो का मंचन करेंगे।

**प्रस्तुत की जाएगी कुम्भ की गाथा :** महाकुम्भ का आयोजन हो और लोगों को कुम्भ की गाथा सुनने को न मिले, ऐसा संभव नहीं। सांस्कृतिक संध्या में कुम्भ को लेकर विशेष आयोजन की तैयारी की गई है। इसकी शुरूआत 22 जनवरी को कथक केंद्र संगीत नाटक अकादमी द्वारा कुम्भ की थीम पर आधारित कथक नृत्य नाटिका से होगी। 23 जनवरी को लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी काकोरी महागाथा प्रस्तुत करेगी।

## संक्षिप्त समाचार



### झारखंड में अफीम की खेती पर रोक के लिए एक्शन प्लान तैयार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के विभिन्न जिलों में अफीम की खेती का समय शुरू हो चुका है. इसे रोकने के लिए सीआईडी मुख्यालय के स्तर से एक्शन प्लान तैयार किया गया है. इसके आधार पर संबंधित जिलों के एसपी को कार्रवाई की जिम्मेवारी दी गयी है. कार्रवाई को लेकर सीआईडी मुख्यालय ने साप्ताहिक रिपोर्ट भी मांगी है. सीआईडी के एक्शन प्लान के अनुसार खेती के लिए चिह्नित नये इलाके में निगरानी रखने का टास्क दिया गया है. वैसे स्थानों पर भी निगरानी रखने को कहा गया है, जहां इसकी खेती पूर्व में हो चुकी है या वहां पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है.

सीआईडी मुख्यालय ने जिलों के एसपी से कहा है कि पूर्व के वर्षों में भी अवैध अफीम की खेती नष्ट की जाती रही है. बावजूद इसकी खेती पर पूरी तरह से रोकथाम नहीं लग पा रही है. इसलिए अफीम की खेती पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण लगाने की आवश्यकता है. खेती के संबंध में सूचना एकत्र कर इलाके में लगातार सत्यापन कर अफीम की खेती को नष्ट करने का भी निर्देश दिया गया है.

सीआईडी मुख्यालय द्वारा जिलों के एसपी को यह भी बताया गया है कि मामले को लेकर गृह मंत्रालय के साथ-साथ हाईकोर्ट द्वारा भी इस समस्या पर निगरानी रखी जा रही है. इसलिए प्रत्येक सप्ताह अफीम की खेती को नष्ट करने से संबंधित रिपोर्ट भेजी जाये. रिपोर्ट तैयार कर भेजने के लिए एक फॉर्मेट भी उपलब्ध कराया गया है. इसमें जिस स्थान पर अफीम की खेती जा रही है. उस गांव का नाम, थाना क्षेत्र, जिला का नाम, भूमि का प्रकार, केस के आरोपी और गिरफ्तार लोगों के बारे में पूरा ब्योरा उपलब्ध कराना है.

### पोड़ैयाहाट में पेड़ से टकरायी बाइक, घटनास्थल पर ही दो की मौत

**पोड़ैयाहाट, एजेंसी।** पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के दांडे मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी. घटना सोमवार की रात्रि तकरीबन दो बजे की है. मृतक की पहचान मोहनपुर थाना के जमुनिया गांव निवासी राजेश राय (22 वर्ष) व राकेश मड़ैया (21 वर्ष) के रूप में की गयी है. जानकारी के अनुसार मृत युवक थाना क्षेत्र के गोयठावरन गांव में शादी समारोह में आया था. वापस जाने दौरान गोयठावरण के समीप बाइक पेड़ से टकरा गया, जिसके बाद घटनास्थल पर दोनों की मौत हो गयी. दोनों शव पेड़ के पास ही पड़ा मिला. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर कुल तीन लोग सवार थे. घटना एकदम सुनसान जगह पर हुई. दो की तो वहीं पर मौत हो गयी. तीसरे ने ही जाकर पुलिस को सूचित किया. घटना की सूचना पर पोड़ैयाहाट पुलिस पहुंची और दोनों को सीएचसी पोड़ैयाहाट लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. इसके बाद अस्पताल पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था. थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया सड़क दुर्घटना में मौत हुई है. लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस छानबीन में जुटी है. दोनों शवों के पोस्टमॉर्टम के लिए तीन डॉक्टरों की टीम का गठन किया गया था, जिसमें एक महिला चिकित्सक भी थीं. बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम मामले की रिपोर्ट दी जाएगी. पुलिस की मानें तो जिस जगह पर एक्सीडेंट हुआ था, वह जगह सुनसान था. चोट लगने के बाद दोनों काफी देर तक पड़े रह गये. चोट बाहरी से ज्यादा अंदरूनी हिस्से में था. समय पर उपचार नहीं किया जा सका और ठंड में पड़े रहने के कारण मौत हो गयी.

### मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पेश होंगे हेमंत सोरेन, पीएमएलए कोर्ट का आदेश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही है. सीएम हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले से जुड़े ईडी के समन उल्लंघन मामले में आज बुधवार 4 दिसंबर को रांची की पीएमएलए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है. यह मामला रांची की बड़गाई अंचल स्थित 8.86 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है.

# हेमंत सरकार ने दी बड़ी खुशखबरी, 11 दिसंबर को महिलाओं के खातों में आएंगे 2500 रुपये



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की अगली किस्त के तौर पर महिलाओं के खाते में 2500 रुपये डाले जाएंगे। 11 दिसंबर को यह राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 50 लाख से अधिक महिलाएं निबंधित हैं।

भट्टाचार्य ने कहा कि महिलाओं के खाते में 11 दिसंबर को खटाखट 2500 रुपये की राशि भेज दी जाएगी। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को जोर का झटका लगा है। 28 आदिवासी सुरक्षित सीटों में 27 पर आईएनडीआईए ने जीत हासिल की है। बची हुई एक सीट पर भी बहुत कम अंतर रहा है। परिणाम के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे हैं। सरकार को उन्होंने आदिम जनजाति को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं।

उन्होंने कहा, पड़ोसी ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए हैं। बाबूलाल को वहां का दौरा कर अध्ययन करना चाहिए। उन्हें वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक हालत को देखना चाहिए। बाबूलाल बाहरी नेताओं के झांसे में नहीं पड़ें। उन्होंने कहा कि बाबूलाल ने कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले टी-ट्राइब की चर्चा नहीं की। उन्हें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सवाल करना चाहिए। झामुमो महासचिव ने कहा कि राज्य सरकार का मंत्रिमंडल समावेशी होगा। सभी औपचारिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंत्रिमंडल में अनुभवी चेहरों के साथ-साथ सभी का ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के सदस्यों को शामिल करना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। राज्य में ठेका मजदूरों को अब न्यूनतम 12,708.57 रुपये मासिक वेतन मिलेंगे। राज्य सरकार ने वीडीए में 4.14 प्रतिशत की वृद्धि की है, जो बीते एक अक्टूबर से लागू किया गया है। इससे विभिन्न श्रेणी के ठेका मजदूरों को मिलनेवाली न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि हुई है। इससे अकुशल मजदूरों को अब प्रतिमाह 12,708.57 रुपये, अर्द्धकुशल को 13,314.00 रुपये, कुशल को 17,550.92 रुपये तथा अतिकुशल को 20,273.72 रुपये न्यूनतम मजदूरी मिलेगी। श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। बता दें कि राज्य सरकार ने इस वर्ष 28 जून को ठेका मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में संशोधन किया है। इसके तहत चारों श्रेणी में क्रमशः 12,203.36 रुपये, 1278.72 रुपये, 16,853.20 रुपये तथा 19,467.76 रुपये न्यूनतम मजदूरी तय की गई है। इसमें परिवर्तनशील भत्ता में क्रमशः 505.21 रुपये, 529.28 रुपये, 697.72 रुपये तथा 805.96 रुपये की वृद्धि हुई है।



## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें।

फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके। इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

## फरवरी तक हो जाएगा नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चयनः लक्ष्मीकांत

**रांची, एजेंसी।** दो दिनों तक हार की समीक्षा के बाद बीजेपी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि फरवरी तक नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन कर लिया जाएगा। हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। जनता में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है, लेकिन अंकगणित में बीजेपी पीछे रह गई। इससे सीख लेकर इस हार से एक मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लिया गया है। अंगद की तरफ पैर जमाकर समाज जीवन में अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए काम करेंगे। वे रविवार को समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से एक बार हम सर्वाग्रहि कार्यकर्ता को संरक्षण देने वाला संगठन का निर्माण करेंगे।

**पार्टी के कार्यकर्ता के साथ छेड़छाड़ हुई तो हम संरक्षण देंगेः** वाजपेयी ने कहा कि सरकार अच्छे काम करती है तो ठीक है, जन विरोधी काम करने पर भाजपा सड़क पर भी जाने में कोई संकोच नहीं करेगी। जनता के साथ कोई घटना होगी तो निश्चित तौर पर इसके लिए संघर्ष करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ता के साथ कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो हर परिस्थिति में संरक्षण देंगे। संगठन के माध्यम से ताकत का सृजन करेंगे। ताकत का सृजन कर आगे बढ़ेंगे। सांसद पुंडेश्वरी झारखंड में सदस्यता अभियान की देखरेख करने के लिए नियुक्त हुई है।

**राजनीति में चुनाव महत्वपूर्ण पहलूः** प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा पार्टी ने दो दिनों तक पांच सत्रों में बैठक की। इस दौरान चुनाव के संचालन से लेकर उसके प्रबंधन और परिणाम तक की विस्तृत चर्चा की गई। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के नाते भाजपा ने अपनी निरंतरता, कार्यकर्ता और चुनाव में लगे लोगों के बीच में हमारे वैचारिक प्रवाह के अंतर्गत राजनीति उद्देश्य, राष्ट्रहित और लोकतंत्र के हित में काम करने के मिशन के तहत इस चुनाव को लिया है। राजनीति में चुनाव महत्वपूर्ण पहलू है। इसका परिणाम सफलता और असफलता सामान्य नजरों में देखी जाती है। भाजपा इसे थोड़ा और गहराई जाकर इस रूप में लेती है कि हमको समाज ने किस रूप में जिम्मेदारी दी है और किस रूप में कितना स्वीकार किया है।

**जनता में भाजपा के प्रति विश्वसनीयता में कोई कमी नहींः** राय ने कहा कि झारखंड की जनता में भारतीय जनता पार्टी की विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आई है। पहले से पार्टी को 9 लाख अधिक वोट मिले हैं। लोगों के बीच में भारतीय जनता पार्टी के मुद्दे और विषय को स्वीकृति भी मिली लेकिन वोटो के ध्रुवीकरण के कारण इसमें सांप्रदायिकता का भाव और जातीयता का उभार पैदा किया गया। कुछ समूहवाद को और झारखंड को विभाजित करने का काम किया गया। इसकी वजह से जो परिणाम की उम्मीद की थी, वह नहीं आई। हालांकि इसमें भाजपा के संगठन और उम्मीदवार के स्तर पर कमी और आरोप प्रत्यारोप की बात कहीं से नहीं आई। हर व्यक्ति ने स्वीकार किया कि समाज में हमारी बातों को सुना और सराहा गया।

अलग-अलग कम्युनिटी की भावनाओं को भड़काने का काम हुआ

विपक्षियों के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जातीय दुर्भावना, सांप्रदायिक दुर्भावना और अलग-अलग कम्युनिटी को भावनाओं को भड़काने का काम झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के द्वारा किया गया। उसके कारण का धुव्रीकरण का दुष्परिणाम आया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन और विचारधारा के प्रवाह में इस परिणाम की बिना परवाह किए झारखंड के जनता के हित में आगे अपना काम करती रहेगी। विपक्ष की भूमिका निभाएगी और सरकार के कार्यों का बहुत ही गंभीरता से निरीक्षण करेगी। देखती रहेगी कि जो जनता के सामने वादे हुए, पूरे हो रहे हैं कि नहीं हो रहे हैं। हम एक सजग लोकतांत्रिक प्रहरी की भूमिका निभाएंगे। चुनाव के दौरान संचालन, प्रबंधन और उम्मीदवारों के जनसंपर्क अभियान में कोई कमी नहीं हुई। मुद्दों को जनता तक ले जाने में थोड़ी कमी रह गई, जिसके कारण विरोधी सफल रहे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी झारखंड को अपने राजनीतिक का बड़ा प्रयोग भूमि मानती है और एक व्यापक दृष्टिकोण लेकर आगे भी काम करती रहेगी।

## रांची विधायक सीपी सिंह ने सीएम से की मांग, सुपरिटेंडेंट व महिला काउंसलर के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो



**रांची, एजेंसी।** रांची विधायक सीपी सिंह ने पलामू बालिका गृह की घटना पर सीएम से सुपरिटेंडेंट और महिला काउंसलर के खिलाफ त्वरित और कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है. साथ ही सीडब्ल्यूसी और बाल संरक्षण तंत्र के सभी दोषी अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाए कर, उन्हें तुरंत निलंबित करने, राज्य के सभी बाल संरक्षण गृहों की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ बच्चियों को समुचित चिकित्सा, काउंसलिंग, और पुनर्वास की सुविधाएं देने की भी मांग की है.

**पलामू बालिका गृह की घटना शर्मनाक हैः** सीपी सिंह ने कहा है कि पलामू बालिका गृह में घटी घटनाओं ने झारखंड के हर नागरिक को झकझोर कर रख दिया है. यह शर्मनाक और अमानवीय कृत्य राज्य की बाल संरक्षण तंत्र पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. जांच रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सुपरिटेंडेंट ने महिला काउंसलर की मदद से बच्चियों के साथ पिछले तीन वर्षों से लगातार शारीरिक और मानसिक शोषण किया. इस पूरे मामले में सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी गंभीर लापरवाही और मिलीभगत को दर्शाती है. यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है.

**राज्य में बाल सुरक्षा और निगरानी तंत्र बुरी तरह से विफलः** पलामू की इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में बाल सुरक्षा और निगरानी तंत्र कितनी बुरी तरह से विफल है. मुख्यमंत्री से कहा है कि यह आपकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई हो. दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिले और पीड़ित बच्चियों को न्याय के साथ-साथ भविष्य के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो. आशा है कि आप इस मामले में त्वरित और प्रभावी कदम उठाएंगे।

## झारखंड में अगले 3 दिनों में बिगड़ सकता है मौसम, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट



**रांची, एजेंसी।** अहले सुबह कंपकंपाती ठंड तो सूर्यदेव के दर्शन होते ही गर्मी का असर। कुछ ऐसा है राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों के मौसम का हाल। दो दिनों पूर्व तक चक्रवाती तूफान फेंगल का असर दिख रहा था तो तापमान भी 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था लेकिन एक बार फिर तेज धूप ने रांची का तापमान बढ़ा दिया है। हालांकि, अब आने वाले तीन दिन में मौसम बिगड़ने का अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले तीन दिनों में झारखंड के कुछ जिलों को छोड़कर अधिकांश जिलों में 3 से 5 डिग्री तक तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसे में लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है।

वहीं, पूर्वानुमान में बताया गया है कि 9 दिसंबर तक राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह में हल्का व मध्यम दर्जे का कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के कुछेक हिस्सों में हल्की वर्षा हुई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस गढ़वा का रिकार्ड किया गया। जबकि राजधानी का अधिकतम 23.1 डिग्री तो न्यूनतम 14.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। कोयलांचल में इन दिनों ठंड ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर रखा है। विगत एक सप्ताह से कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में ठंडी हवाओं ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। ठंड के कारण मंगलवार को सुबह आठ बजे धूप निकली, पर उसकी तल्खी गायब थी। शाम को हवा की रफ्तार बढ़ने से लोगों को ठंड का एहसास होने लगा। मंगलवार को कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे कम तापमान रहा। वहीं ठंढ के कारण सीसीएल के तमाम परियोजनाओं में कोयला उत्पादन भी प्रभावित होना शुरू हो गया है। ठंड का सबसे ज्यादा प्रभाव स्कूली बच्चों पर दिखाई पड़ रहा है।

## मां ने कहा, 'मेरी लड़की है', घर छोड़कर भागी बिहार की दो बहनों को आरपीएफ ने झारखंड में किया रेस्क्यू

**पलामू, एजेंसी।** रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा डालटनगंज रेलवे स्टेशन से दो नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया है. दोनों लड़कियां बहनें हैं और बिहार के रोहतास की रहने वाली है. दोनों बहनें बिहार से भाग कर झारखंड आ गई थी. आरपीएफ ने मुस्तैदी के साथ दोनों को रेस्क्यू किया और किसी भी अनहोनी का शिकार होने से बचा लिया. इस संबंध में आरपीएफ के इंस्पेक्टर बनारसी लाल यादव ने बताया कि मंगलवार शाम 6-45 बजे आरपीएफ डेहरी ऑन सोन के निरीक्षक ने मोबाइल से सूचना दी कि दो नाबालिग लड़कियां घर से लापता हैं. उन दोनों का फोटो व्हाट्सएप पर भेजा गया. पुलिस इंस्पेक्टर ने दोनों नाबालिग का फोटो रेलवे सुरक्षा बल के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा. डालटनगंज रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी देखने पर पता चला कि दोनों लड़की फर्स्ट क्लास वेटिंग रूम में बैठी हुई हैं. निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव ने वहां पहुंच कर देखा, तो अन्य महिला यात्रियों के साथ-साथ वे दोनों नाबालिग भी बैठी थी. दोनों से पुछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम बताया और बिहार के रोहतास जिले में अपने घर बताया. पूछताछ करने पर दोनों इधर-उधर की बातें बता रही थी. दोनों नाबालिग डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर डेहरी ऑन सोन जाने की तैयारी में थी. फिलहाल दोनो नाबालिग को वेटिंग हॉल में सीसीटीवी के निगरानी में रखा गया है. स्टेशन मास्टर उमेश कुमार ने दोनों की देखरेख के लिए महिला कर्मचारी प्वाइंट्समैन आभा देवी को लगाया है. उन्हीं की निगरानी में दोनों नाबालिग को वेटिंग हॉल में रोका गया है. वहीं दोनों लड़कियों के मिल जाने की जानकारी डेहरी ऑन सोन के पुलिस इंस्पेक्टर को दे दी गई है।

## अदाणी एंटरप्राइजेज तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित




**हजारीबाग, एजेंसी।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 2024 संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं। भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जो नवाचार, स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। कंपनी को स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में समुदायों, व्यक्तियों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए मान्यता मिली।

**गोंदुलपारा में टीबी पोषण अभियानः** जैसी पहल के माध्यम से अदाणी एंटरप्राइजेज समुदाय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो तपेदिक से प्रभावित लोगों की मदद करता है। एक मोबाइल मेडिकल यूनिट भी दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पहुंच में सुधार होता है। परियोजना ÷ममता÷ माताओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए संसाधन और शिक्षा प्रदान करती है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित महिला सहकारी संस्था, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एमयूबीएसएस, कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण के माध्यम से आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाती है, जिससे उनके समुदायों में आत्मनिर्भरता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिलता है।

अदाणी एंटरप्राइजेज ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के दूर-दराज के बसी बरधा गांव में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग स्थापित की, ताकि बिजली से वंचित स्थानीय लोगों को अभिनव प्रकाश समाधान प्रदान किया जा सके। अदाणी एंटरप्राइजेज की सीएसआर टीम के प्रवक्ता ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार लोगों और समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण हैं। हम एक सकारात्मक और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे।

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्व लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे अभिनव कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेगा, जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव हो। पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में हुआ, जहां सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रदान किए गए। इसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामनाथ अठावले और पुरी से संसद सदस्य संबित पात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजक ब्रांड होन्चोज़ के नेतृत्व और अरुण मिश्रा ने पुरस्कार प्रदान किए।



# कंप्यूटर हार्डवेयर में अवसरों की कमी नहीं

पिछले दो दशक में अगर किसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास और कामकाज को लेकर निर्भरता बढ़ी है तो वह कंप्यूटर है। दरअसल कंप्यूटर आज हर एक की जिंदगी में इस तरह से पैठ बना चुका है कि इसके बिना कोई काम नहीं हो सकता। यह संभव है कि आपको कंप्यूटर का संचालन करना नहीं आता हो लेकिन समय पडऩे पर इसे सीखना आवश्यक होता जा रहा है। ऐसे में कंप्यूटर का रख-रखाव भी अहम हो जाता है। जब भी कभी इसमें खराबी आ जाती है तो इसे ठीक करने का काम कंप्यूटर हार्डवेयर प्रोफेशनल्स करते हैं।

### कंप्यूटर हार्डवेयर क्या है

कंप्यूटर के कलपुर्जों को सम्मिलित रूप से हार्डवेयर कहा जाता है। हार्डवेयर तकनीक के अंतर्गत इसके निर्माण और रख-रखाव की जानकारी दी जाती है। इसे दो भागों में बांटा जा सकता है। कार्ड लेवल और चिप लेवल। दरअसल, सभी कंप्यूटर उपकरणों में कई तरह के कार्ड लगे होते हैं, जिनमें कई चिप होती हैं। पहले किसी भी चिप में कोई खराबी होने पर पूरे कार्ड को बदल दिया जाता था। इसे 'कार्ड लेवल हार्डवेयर तकनीक कहते हैं। इसमें लगने वाले कार्ड काफी महंगे होते हैं, इस कारण यह तकनीक काफी महंगी है। अब जब से कार्ड में लगे चिप को बदलने की तकनीक विकसित हो चुकी है तो कंप्यूटर में इससे संबंधित किसी भी तरह की खराबी आने पर कार्ड में लगे चिप को बदलकर ही खराबी दूर कर दी जाती है। कार्ड के मुकाबले चिप काफी सस्ती पड़ती है। इसके कारण यह तकनीक काफी लोकप्रिय है।


### योग्यता

कई पॉलिटेक्निक और निजी संस्थानों द्वारा चिप लेवल हार्डवेयर में डिप्लोमा का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अवधि एक से तीन वर्ष के बीच होती है। इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए योग्यता बारहवीं पास है, जबकि पॉलिटेक्निक में दसवीं के बाद ही प्रवेश लिया जा सकता है। अधिकतर जगहों पर दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही होता है। कुछ निजी संस्थान बारहवीं के अंकों के आधार पर भी प्रवेश देते हैं।

### संभावनाएं

कंप्यूटर और उसके उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या के साथ ही हार्डवेयर इंजीनियरों की मांग भी काफी तेजी से बढ़ी है। निजी संस्थानों और कार्यालयों में कंप्यूटर के बिना काम करने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कंप्यूटर में थोड़ी-सी गड़बड़ी लाखों का नुकसान करा सकती है, इसलिए निजी कंपनियों और सरकारी कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में हार्डवेयर प्रोफेशनल नियुक्त किए जाते हैं। घरों, दुकानों आदि में कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग के कारण स्वतंत्र रूप से रिपेयरिंग का काम करके काफी आमदनी की जा सकती है। आप हार्डवेयर अपग्रेडेशन में भी टेलीकॉम, मोबाइल और कंप्यूटर से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक गुड्स के क्षेत्र में काम कर सकते हैं। साथ ही अगर आप नौकरी नहीं करना चाहते हैं तो खुद का व्यवसाय भी कर सकते हैं।





**हर कोई डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस... बनना चाहता है, लेकिन हर किसी का यह सपना पूरा नहीं होता है। लेकिन आप वोकेशनल कोर्स के माध्यम भी अपने करियर को एक नए मुकाम तक पहुंचा सकते हैं।**

# जमाना वोकेशनल कोर्स का

अगर आप उच्च शिक्षा हासिल करने में फाइनेंशियल रूप से सक्षम नहीं हैं, तो वोकेशनल कोर्सेज आपके लिए बेहतर विकल्प हैं। इंडस्ट्री की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सरकारी और प्राइवेट संस्थानों द्वारा कई तरह के शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कोर्सेज चलाए जा रहे हैं। इस तरह के कोर्स करने के बाद नौकरी भी आसानी से मिल जाती है।

## हेयर स्टाइल



इन दिनों फैशन का खूब पैशन है। इसलिए लोग अपने हेयर स्टाइल के प्रति काफी सजग हो गए हैं। यही वजह है कि बाजार में संभावनाओं को देखते हुए कुछ संस्थानों ने इससे जुड़े कोर्स शुरू कर दिए हैं। आप 10वीं और 12वीं पास करने के बाद इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

**इंस्टीट्यूट**

- पॉलिटेक्निक फॉर वूमन, साउथ एक्सटेंशन-1, नई दिल्ली,
- हबिब्स हेयर एकेडमी, साउथ एक्सटेंशन-2 नई दिल्ली,
- मैन्स वर्ल्ड इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली।

## ब्यूटी कल्चर

फैशन के इस दौर में हर कोई सुंदर दिखना चाहता है और लोगों की इसी चाहत की वजह से ब्यूटी कल्चर का कारोबार काफी बढ़ रहा है। यदि आप ऑफबीट करियर में कदम रखना चाहते हैं, तो ब्यूटी कल्चर से जुड़े कोर्स 10वीं और 12वीं के बाद भी कर सकते हैं।

**इंस्टीट्यूट**

- अहिमसा वूमन पॉलिटेक्निक, शंकर रोड, नई दिल्ली,
- लोयला इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, लोयला कॉलेज, चेन्नई

## फैशन डिजाइनिंग



फैशन डिजाइनिंग का क्षेत्र काफी विस्तृत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां कैरियर के लिए अपार गुंजाइश है। बदलते फैशन की समझ और नए डिजाइन क्रिएट करने की क्षमता आपको इस क्षेत्र में सफल बना सकती है। फैशन की दुनिया में जाने के लिए 10+2 के उपरांत फैशन से संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते हैं। फैशन डिजाइनिंग से संबंधित संस्थान तीन वर्ष का डिगरी कोर्स करवाने के साथ-साथ कुछ शार्ट टर्म कोर्स भी करवाते हैं, जो छह महीने से लेकर एक साल तक के हैं। कोर्स पूरा करने के बाद फैशन टेक्नोलॉजी, स्टिचिंग ऑफ गारमेंट्स, गारमेंट टेक्नोलॉजी, अपैरल मर्चेंडाइजिंग को अपैरल कोआर्डिनेटर, रीटेलर, सेल प्रमोशन, फैशन फोटोग्राफी, ड्रेस ऐंड एक्सेसरी डिजाइनर, गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजिस्ट, निटवियर डिजाइनर, टेक्सटाइल आदि के तौर पर नौकरी मिल सकती है। अपैरल पैटर्न मेकिंग का कोर्स दसवीं कक्षा के बाद कर सकते हैं। इसकी अवधि चार से छह माह की है। कपड़ा मंत्रालय के तहत अपैरल एक्सपोर्ट काउंसिल के अंडर में भी अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर से इस कोर्स को किया जा सकता है। फैशन टेक्नोलॉजी का कोर्स करने के बाद आपको सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की गारमेंट कंपनियों, फैशन ब्राडों, टैक्सटाइल मिलों, फैशन संस्थानों में रोजगार मिल सकता है। स्वरोजगार के तौर पर रेडीमेट गार्मेंट बुटीक खोलकर भी कमाई की जा सकती है।

**इंस्टीट्यूट**

- नेशनल वोकेशनल ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट फॉर वुमेन, नोएडा।
  इसके अलावा पॉलीटेक्नीक फॉर वूमेंस संस्थानों से भी ये कोर्स किए जा सकते हैं।

## फुटवियर टेक्नोलॉजी ऐंड लेदर गुड्स मेकिंग



फुटवियर टेक्नोलॉजी या लेदर गुड्स में प्रशिक्षण हासिल करके बेहतर करियर बनाया जा सकता है। इसमें डिप्लोमा कोर्स के बाद अच्छी नौकरियां पाई जा सकती हैं। फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग और फुटवियर डिजाइनिंग एक्सपटर्स की मार्केट में काफी डिमांड है। किसी भी स्ट्रीम में बारहवीं पास युवा इन कोर्सेज में प्रवेश पा सकते हैं।

## ज्वैलरी डिजाइनिंग




फैशन एसेसरीज में ज्वैलरी हमेशा से ही हॉट डिमांड में रही है। इस क्षेत्र में मुख्य काम ज्वेलरी मेकिंग, डिजाइनिंग आदि है। इसके अलावा, वैलरी डिजाइन, स्टोन कटिंग ऐंड इनेमलिंग, जेमोलॉजी कॉस्टिंग टेक्नोलॉजी, आईडेंटीफिकेशन ऑफ स्टोन ऐंड जेम्स आदि पाठ्यक्रम भी किए जा सकते हैं। इसमें रत्नों की शुद्धता मापने, रत्नों का चुनाव, मूल्य,काटने-तराशने का ज्ञान, कास्टिंग, सैटिंग, पॉलिशिंग, सोइंग तथा सोल्डरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं है। कोर्स करने के बाद किसी भी ज्वैलरी कंपनी से जुडक़र काम की शुरुआत कर सकते हैं। इसकी पढ़ाई दिल्ली, जयपुर और नोएडा के अलावा कई शहरों में होती है।

## इंटीरियर डिजाइनिंग

घर हो, दफ्तर, होटल या शोरूम, इनको डिफरेंट लुक देने का काम इंटीरियर डिजाइनर का होता है। इंटीरियर डिजाइनर स्थान की साज-स'जा के अलावा जगह का भी प्लान करता है। वे कस्टमर की रुचि, बजट तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी रूपरेखा तैयार करते हैं। इसमें दीवार, फर्श, छत की स'जा, फर्नीचर और दूसरी सामग्रियों की जमावट, विंडो ट्रीटमेंट, लाइटिंग, विजुअल और साउंड इफेक्ट्स आदि शामिल होते हैं। एक अच्छा इंटीरियर डिजाइनर बनने के लिए कल्पनाशीलता और रचनात्मकता बेहद जरूरी गुण है। इंटीरियर डिजाइनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं है। यूं तो इंटीरियर डिजाइनिंग में तीन साल के भी कोर्स हैं, लेकिन करियर बनाने के लिए आर्किटेक्चर में पांच वर्षीय डिगरी कोर्स बेहतर होता है। साइंस स्ट्रीम के बारहवीं पास स्टूडेंट्स इंटीरियर डिजाइनिंग के डिगरी पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं, जबकि कला स्ट्रीम के छात्र एक से दो साल का डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। अधिकांश शहरों के पॉलीटेक्निक और वोकेशनल ट्रेनिंग स्कूलों में ये कोर्स कराए जाते हैं। यह कोर्स करने के बाद विभिन्न इंटीरियर डिजाइनिंग संस्थानों, आर्किटेक्ट फर्म, कंसल्टेंसी फर्म या बिल्डर और कॉन्ट्रैक्टर के साथ काम कर सकते हैं। इसके अलावा बड़े होटलों, हॉस्पिटल्स, शॉपिंग मॉल या डिजाइन स्टूडियो और फर्नीचर स्टोर्स में डिजाइन कंसल्टेंट की जरूरत होती है। खुद का उद्यम भी शुरू कर सकते हैं।






# क्रिमिनोलॉजिस्ट चुनौतियों भरा कॅरियर

**टेक्नोलॉजी में तेजी से आई प्रगति से सिर्फ सुविधाएं ही नहीं, बल्कि अपराध भी बढ़ रहे है और इसी के साथ बढ़ रही है अपराधों की छानबीन के क्षेत्र में करियर की प्रबल संभावनाएं भी।**

क्रिमिनोलॉजिस्ट का काम है घटना स्थल से अपराधी के खिलाफ सबूत जुटाने में जांच दल की मदद करना। विशेषज्ञों के अनुसार, बेशक यह जॉब चैलेंजिंग है, परंतु तेजी से लोकप्रिय हो रहा करियर विकल्प भी है। फोरेंसिक साइंस की सभी शाखाओं में इसके विशेषज्ञों की हमेशा मांग रहती है।

केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही 24 फोरेंसिक लैब में विशेषज्ञों की भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। फोरेंसिक मेडिसिन के विशेषज्ञों को सभी मेडिकल कालेजों, शोध संस्थानों में मौका दिया जाता है। अपराध अनुसंधान से संबंधित सभी लैबों में फोरेंसिक विज्ञान की शाखाओं के लिए अलग-अलग विभागों में विशेषज्ञों की मांग हमेशा बनी रहती है। क्रिमिनोलॉजी विशेषज्ञों के लिए सीबीआई और आईबी में भी मौके होते हैं। यह करियर रोमांच और चुनौतियों से भरा है। अगर आप अपने जीवन में जोखिम को तवज्जो देते हैं तो आप इस करियर से नाता जोड़ सकते हैं। आप इस करियर में जितनी मेहनत करेंगे, उतना ही मेहनताना और मान-सम्मान भी पाएंगे।

### उपलब्ध कोर्स

- बीए/बीएससी इन क्रिमिनोलॉजी (3 वर्ष)
- एमए/एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी (2 वर्ष)
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी (1 वर्ष)

### कैसे मिलेगा दाखिला

क्रिमिनोलॉजी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए बीए या बीएससी इन क्रिमिनोलॉजी में दाखिला ले सकते हैं, जिसकी अवधि 3 वर्ष है। इसके लिए आर्ट या साइंस में बारहवीं पास होना अनिवार्य है। इसके अलावा, पोस्ट ग्रेजुएट, डिग्री या डिप्लोमा इन क्रिमिनोलॉजी भी कर सकते हैं, जिसके लिए आर्ट या साइंस विषय में स्नातक डिग्री आवश्यक है।

### कार्य

क्रिमिनोलॉजिस्ट का काम अपराध से संबंधित परिस्थितियों का अध्ययन करना, अपराधी के खिलाफ सबूत जुटाना और अपराध करने का कारण तथा समाज पर इसका प्रभाव जानना होता है। क्रिमिनोलॉजिस्ट समाज को अपराध से बचाने में मदद भी करता है।

### संभावनाएं

आज जिस तरह से क्राइम बढ़ रहा है, उसे देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि सन् 2014 तक इस क्षेत्र में ऐसे प्रोफेशनल्स की बहुत जरूरत पड़ेगी। क्रिमिनोलॉजिस्ट पब्लिक व प्राइवेट कंपनियों, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट, एनजीओ, रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन, प्राइवेट सिक्योरिटी तथा डिटेक्टिव एजेंसियों में रोजगार प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा, क्रिमिनोलॉजिस्ट काउंसलर तथा फीलांसर के तौर पर भी कार्य कर सकता है।

### किस तरह के मिलते हैं जॉब

क्रिमिनोलॉजी से कोर्स करने के बाद क्राइम इंटेलिजेंस एनालिस्ट, लॉ रिफॉर्म रिसर्चर, कम्यूनिटी करेक्शन कोऑर्डिनेटर, ड्रग पॉलिसी एडवाइजर, कंज्यूमर एडवोकेट, इनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एनालिस्ट के पद पर कार्य कर सकते हैं।

### आवश्यक गुण

कानून व्यवस्था पर आस्था और जिज्ञासा एक सफल क्रिमिनोलाजिस्ट बनने के लिए सबसे आवश्यक गुण होते हैं। इसके अलावा, यदि आप लॉजिक व प्रैक्टिकल सोच रखते हैं तथा टीम भावना के साथ काम कर सकते हैं, तो आप आसानी से इस फील्ड से जुडक़र नाम कमा सकते हैं।

### सैलॅरी पैकेज

भारत में एक क्रिमिनोलॉजिस्ट शुरुआती स्तर पर प्रतिमाह 30 से 45 हजार रुपये कमा सकता है। इसके अलावा, फीलांसर के तौर पर वह केस की जरूरत के अनुसार अपनी फीस तय कर सकता है। भारत की तुलना में विदेशों में क्रिमिनोलॉजिस्ट की मांग ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश अंबानी 100 अरब क्लब में शामिल हुए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी एक बार फिर 100 अरब डॉलर क्लब में शामिल हो गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 1.30 अरब डॉलर की तेजी आई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 3.84 अरब डॉलर की तेजी आई है। अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर हैं। उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में जुलाई में अपने पीक से 18 फीसदी नीचे ट्रेड कर रहे हैं। बुधवार को यह करीब 0.75 प्रतिशत गिरावट के साथ 1311.35 रुपये तक गिरा। जानकारों का कहना है कि रिलायंस के रिटेल बिजनस को क्विक कॉमर्स से कड़ी चुनौती मिल सकती है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में भी मंगलवार को 1.39 अरब डॉलर की की तेजी आई। वह 84.0 अरब डॉलर की नेटवर्थ से साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 19वें नंबर पर है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 264 मिलियन डॉलर की गिरावट आई है। हाल में अमेरिकी अभियोजकों ने गौतम अडानी और ग्रुप के कुछ शीर्ष अधिकारियों पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया था। हालांकि अडानी ने इन आरोपों से इन्कार किया है। लेकिन इन आरोपों के कारण ग्रुप के शेयरों खासकर अडानी ग्रीन एनर्जी में काफी गिरावट देखने को मिली।

### अनिल अंबानी को मिली भारी राहत, रिलायंस पावर के शेयर को लगेंगे पंख!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी को भारी राहत मिली है। सार्वजनिक क्षेत्र की सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर को जारी प्रतिबंध नोटिस वापस ले लिया है। अब कंपनी एसइसीआई की भविष्य की निविदाओं में भाग ले सकेगी। देश में रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करने वाली एसइसीआई ने छह नवंबर को रिलायंस पावर लिमिटेड और रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड को कथित रूप से 'फर्जी दस्तावेज' प्रस्तुत करने के लिए तीन साल के लिए अपनी किसी भी निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था। एसइसीआई ने 13 नवंबर को अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा था कि उसकी यूनिट द्वारा फर्जी बैंक गारंटी जमा कराने के बाद उसके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ने मंगलवार को बयान में कहा कि इस मामले से संबंधित कानूनी कार्यवाही के बाद रिलायंस पावर लिमिटेड को जारी किया गया प्रतिबंध नोटिस तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। इसमें कहा गया है कि उक्त कदम के साथ छह नवंबर के नोटिस को संशोधित किया गया है।

# बैंकों से दूर भाग रहे लोग!

## सभी सेगमेंट्स में क्रेडिट ग्रोथ में आई गिरावट, जीडीपी से है सीधा कनेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक क्रेडिट ग्रोथ 15 नवंबर, 2024 तक पिछले साल के 20.6 प्रतिशत की तुलना में धीमी होकर 11.1 प्रतिशत रह गई है। एचडीएफसी-एचडीएफसी बैंक मर्जर को एडजस्ट करने के बाद भी 12.4 प्रतिशत रही जो पिछले साल 16.2 प्रतिशत रही थी। इस दौरान डिपॉजिट ग्रोथ में भी गिरावट आई। 15 नवंबर, 2023 तक के 12 महीनों में डिपॉजिट ग्रोथ 13.6 प्रतिशत रही जो 15 नवंबर, 2024 में पिछले एक साल के दौरान 11.2 प्रतिशत रही। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकिंग सिस्टम की कुल जमा राशि 218.5 लाख करोड़ रुपये थी जो मार्च के अंत की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है। बैंकों ने अप्रैल से 15 नवंबर के बीच 13.8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जमा किए हैं।

इस साल अब तक डिपॉजिट ग्रोथ पिछले साल के 8.9 प्रतिशत से कम है। पिछले साल बैंकों ने वित्त वर्ष 2025 के पहले साढ़े सात महीनों में 16.1 लाख करोड़ रुपये जोड़े थे। 15 नवंबर तक कुल बैंक क्रेडिट 173.6 लाख करोड़ रुपये था। बैंकों ने वित्त वर्ष 2025 में 9.3 लाख करोड़ रुपये के नए क्रेडिट जोड़े हैं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह अमाउंट 19.5 लाख करोड़ रुपये थी। एचडीएफसी प्रभाव के बिना भी पिछले साल एडवांसेज में ग्रोथ 13.6 लाख करोड़ रुपये थी।



### क्रेडिट और जीडीपी का संबंध

मैक्रेरी के रिसर्च एनालिस्ट सुरेश गणपति ने कहा कि कुल मिलाकर क्रेडिट ग्रोथ पिछले वर्ष के 16 प्रतिशत से धीमी होकर अब लगभग 11 प्रतिशत रह गई है। क्रेडिट ग्रोथ जीडीपी को बढ़ाती है। शोध में यह बात सामने आई है कि क्रेडिट और जीडीपी में सीधा संबंध है। इसके मुताबिक क्रेडिट में वृद्धि से जीडीपी में बढ़ोतरी होती है। बैंक डिपॉजिट ग्रोथ धीमी होने के कारण बैंकों ने अपने सरकारी बॉन्ड पोर्टफोलियो को लिक्विडेट करना शुरू कर दिया है। 15 नवंबर को समाप्त पखवाड़े में आरबीआई के पास सरकारी प्रतिभूतियों का बकाया स्टॉक 67,431 करोड़ रुपये घटकर 64.4 लाख करोड़ रुपये रह गया। गणपति ने कहा, सब कुछ धीमा हो रहा है। पहले, केवल असुरक्षित ऋण धीमा हो रहा था। अब, मंदी सुरक्षित क्षेत्रों में भी फैल रही है। मोर्टगेज ग्रोथ 18 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत रह गई है, ऑटो लोन पिछले साल के 20 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत रह गए हैं। असुरक्षित ऋण वृद्धि पिछले साल 25 प्रतिशत से अधिक चल रही थी जो अब घटकर 11 प्रतिशत हो गई है। हाल के वर्षों में बैंकों के क्रेडिट में रिटेल लेंडिंग और गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों को क्रेडिट की अहम भूमिका रही है। रिटेल बैंक क्रेडिट ग्रोथ मार्च 2024 में 16.3 प्रतिशत थी जो घटकर सितंबर में 13.4 प्रतिशत और अक्टूबर में 12.9 प्रतिशत रह गई।

## रिलायंस जियो से मिला 147 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड से 147 करोड़ रुपये का एक महत्वपूर्ण ऑर्डर हासिल करने के बाद बाद स्टीलमैन टेलीकॉम के शेयर में बुधवार यानी आज 20 फीसद का अपर सर्किट लग गया और यह एक महीने के उच्च स्तर 154.80 रुपये पर पहुंच गया है। मंगलवार को एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने निवेशकों को सूचित किया कि उसे इनडोर छोटे सेल, इनडोर और आउटडोर वाई-फाई और एंटरप्राइज यूबीआर के रखरखाव के लिए फ्रंटएंड, बैकएंड और सुपरवाइजरी टीम देने के लिए 147 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। तीन साल में पूरा किए जाने वाल यह प्रोजेक्ट पिछले दिन के रूप में कंपनी के 123.84 करोड़ रुपये के मार्केट कैप से बड़ा है। स्टीलमैन टेलीकॉम को टेलीकॉम उद्योग के लिए एक सर्विस प्रोवाइडर के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह इस सेक्टर के कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने और विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र वर्तमान में दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा है। यह प्रौद्योगिकी में ग्रोथ और बाजार की बढ़ती मांगों से प्रेरित महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

## कानून में संशोधन: बैंक खाते में 4 नॉमिनी जोड़ने को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में मंगलवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक-2024 ध्वनिमत से पारित हो गया। इस विधेयक से बैंक खाताधारक को अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ने का अधिकार मिलेगा। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह विधेयक लोकसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि इससे बैंकिंग क्षेत्र अधिक मजबूत होगा और ग्राहकों तथा निवेशकों के हित सुरक्षित होंगे। उन्होंने विधेयक पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय स्टेट बैंक-1955 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण)-1980 में कुल 19 संशोधन प्रस्तावित हैं। इनका उद्देश्य बैंकिंग से जुड़े शासन मानकों में सुधार करना और बैंकों द्वारा आरबीआई को दी जाने वाली सूचना में एकरूपता लाना है। गौरतलब है कि इस विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण में की थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, नए संशोधनों से बैंकिंग क्षेत्र में और अधिक मजबूती आएगी और ग्राहकों के हित भी सुरक्षित होंगे। 2014 से सरकार और आरबीआई बैंकों को स्थिर बनाए रखने के लिए बेहद सतर्क रहे हैं।



### विधेयक की खास बातें

1. बैंक खातों के लिए नॉमिनी की सीमा बढ़ेगी

इस विधेयक में प्रति बैंक खाते के लिए नॉमिनी की संख्या को मौजूदा एक से बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव है। जानकारों का मानना है कि इससे जमाकर्ताओं, बैंक लॉकर धारकों और उनके नॉमिनी को फायदा होगा।

2. बिना दावे वाली राशि का निपटारा

यह संशोधन बिना दावे वाले डिविडेंड, शेयर और बांड के ब्याज या रिडेम्पशन आय को निवेशक एजूकेशन और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की सुविधा प्रदान करेगा।

## सुजलॉन एनर्जी को मिला साल का सबसे बड़ा ऑर्डर, शेयरों में जोरदार तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी को कर्नाटक के कोप्पल क्षेत्र में जिंदल रिन्यूएबल्स से 302.4 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के तहत सुजलॉन को ग्रीन स्टील प्रोडक्शन में वृद्धि के लिए 96 अत्याधुनिक एस144 पवन टरबाइन जनरेटर की आपूर्ति करनी है। यह सुजलॉन के लिए साल का सबसे बड़ा ऑर्डर है और कर्नाटक में पहले से ही 400 मेगावाट की कैप्टिव पवन ऊर्जा परियोजना भी कंपनी के पास है।




बुधवार को सुजलॉन का शेयर 65.40 रुपए के बंद भाव से 65.90 रुपए पर खुला और इसके बाद इसमें तेजी देखने को मिली। खबर लिखे जाने के समय यह 68.28 रुपए पर कारोबार कर रहा था। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर शेयर 66 के ऊपर बना रहता है, तो यह छोटी अवधी में 85-90 तक जा सकता है। विश्लेषकों के अनुसार, सुजलॉन के स्टॉक पर तीन ने खरीदें रेटिंग दी है, जबकि दो ने होल्ड की सिफारिश की है।

### आगे की योजनाएं

सुजलॉन ने अपनी कुल ऑर्डर बुक में सीएंडआई ग्राहकों की हिस्सेदारी को 56 प्रतिशत तक बढ़ा लिया है, जो अब तक का उच्चतम 5.4 गीगावाट है। कंपनी ने कहा कि यह सहयोग भारत के 2030 तक 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। सुजलॉन के सीईओ जेपी चालसानी ने यह भी बताया कि मौजूदा ऑर्डर बुक अगले 18-24 महीनों में पूरी हो जाएगी।

## हीरे-जवाहरात के निर्यात में तो नंबर 1 हैं ही, अब इनके निर्यात में भी झंडा हो रहा है बुलंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्सर हम सुनते हैं कि भारत चावल और अन्य कृषि वस्तुओं के निर्यात में आगे है। हम अधिकतर कच्चे माल और इंडस्ट्री इनपुट के लिए विदेशों पर निर्भर हैं। लेकिन यह अधूरी बात है। जब बात हाई-वैल्यू प्रोडक्ट्स की हो, तो भारत दुनिया के शीर्ष 10 निर्यातकों में शामिल हो गया है। यह कोई सुनी सुनाई बात नही है। इसकी जानकारी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों से मिली है।

भारत दशकों से हीरे-जवाहरात जैसे प्रीसस स्टोन या कीमती पत्थरों के निर्यात में प्रमुख स्थान रखता है। लेकिन अब भारत इससे भी आगे निकलते हुए सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के निर्यात में अपनी जगह बना रहा है। भारत का निर्यात प्रदर्शन देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दिखा रहा है। दरअसल, सरकार का इस समय फोकस इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर फोकस है। इसके बेहतर परिणाम आए हैं।



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश से 2023 में इन उत्पादों का निर्यात बढ़कर 1.91 अरब डॉलर हो गया है, जो 2014 में 0.23 अरब डॉलर था। इसी के साथ ग्लोबल मार्केट में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 1.40 प्रतिशत हो गई है। इस कारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्यात में भारत दुनिया में नौवें स्थान पर आ गया है, जो कि पहले 2014 में 20वें स्थान पर था। बयान में आगे कहा गया है कि यह प्रगति दिखाती है कि सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में देश की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के निर्यात में भारत ने खुद को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया है। इस कारण ग्लोबल मार्केट में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है, जो कि पहले 2014 में 2.64 प्रतिशत थी। इसकी एक्सपोर्ट वैल्यू 1.52 अरब डॉलर रही है। इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 2023 में 1.15 अरब डॉलर तक पहुंच गई है और इसमें भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 4.86 प्रतिशत है। इस कारण इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भारत की रैंकिंग छठे स्थान पर पहुंच गई है, जो कि 2014 में 21वीं थी। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के निर्यात में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। साल 2023 में यह बढ़कर 84.96 अरब डॉलर हो गया है, जो कि 2014 में 60.84 अरब डॉलर था। इसके साथ ही पेट्रोलियम निर्यात के वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 12.59 प्रतिशत हो गई है। एग्रोकेमिकल सेक्टर में भी भारत के निर्यात में इजाफा हुआ है। 2023 में यह बढ़कर 4.32 अरब डॉलर हो गया है। वैश्विक मार्केट में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 10.85 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2014 में 5.89 प्रतिशत थी।

### चीनी निर्यात भी खूब हो रहा है

भारत के चीनी निर्यात में भी असाधारण वृद्धि देखी गई है। देश की गन्ना या चुकंदर से बनी चीनी के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 2014 में 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.21 प्रतिशत हो गई है। इसका निर्यात मूल्य 2023 में 3.72 अरब डॉलर रहा है, जिससे भारत की दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में स्थिति मजबूत हुई। भारत का कोलटार डिस्टिलेशन प्रोडक्ट्स का निर्यात 2023 में 1.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे वैश्विक बाजार में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 5.48 प्रतिशत हो गई है।

## आरवीएनएल को मिला 186.73 करोड़ रुपये का नया काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर रिटर्न देने वाले रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर बुधवार को सुबह के कारोबार में 3 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। इस तेजी के पीछे आरवीएनल को मध्य-पूर्व रेलवे से मिला 186.73 करोड़ रुपये का कांट्रैक्ट है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने मंगलवार को एक्सचेंजों पर घोषणा की कि उसे डिजाइन, मध्य-पूर्व रेलवे के धनबाद मंडल के गोमोह-पतरातू डीवीजन में अपग्रेडशन कार्य के लिए संबद्ध स्विचिंग पोस्ट के साथ उप स्टेशनों की सप्लाई, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का काम मिला है। मध्य-पूर्व रेलवे से परियोजना 186.76 करोड़ रुपये की है। रेल विकास निगम लिमिटेड का शेयर बुधवार को एनएसई पर 442.45 रुपये पर खुला। इसके बाद आरवीएनएल का शेयर 3 प्रतिशत से अधिक लाभ के साथ 451.60 रुपये पर पहुंच गया। सुबह साढ़े 10 बजे के करीब यह 1.42 पर्सेंट ऊपर 443 रुपये के आसपास था। रेल विकास निगम लिमिटेड ने नवंबर के अंत में पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 642 करोड़ रुपये की परियोजना जीत की घोषणा की थी। आरवीएनल ने हाई टेंशन/लो टेंशन के काम के लिए पैकेज-3 सेंट्रल जोन के लिए डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क के डेवलपमेंट के लिए पीएसपीसीएल से सबसे कम बोली लगाने वाले के रूप में शॉर्टलिस्ट किए जाने की घोषणा की थी। पंजाब राज्य में सुधार आधारित और परिणाम-संबद्ध, पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) परियोजना को 24 महीनों में निष्पादित किया जाना है। आरवीएनएल के शेयर ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पांच साल में यह 1,776.11 प्रतिशत उछला है। हालांकि, जुलाई 2024 में टच किए गए अपने 52 सप्ताह के हाई 647 से अभी काफी नीचे है। इस साल अबतक इसने 143 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक साल में 157 पर्सेंट का तगड़ा रिटर्न देकर इसने अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है।



## नवंबर में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि में मामूली नरमी, रोजगार वृद्धि 2005 के बाद सबसे तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सेवा क्षेत्र की पीएमआई नवंबर में मामूली रूप से गिरकर 58.4 पर आ गई, जबकि इस महीने रोजगार में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अक्टूबर में 58.5 से मामूली रूप से घटकर 58.4 पर आ गया, क्योंकि बिक्री में वृद्धि धीमी गति से हुई। पिछले महीने, देश की सेवा पीएमआई अपने 10 महीने के निचले स्तर से उबरने में सफल रही।

क्रय प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स या पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत ने नवंबर में 58.4 सेवा पीएमआई दर्ज किया, जो पिछले महीने के 58.5 से केवल थोड़ा सा कम है। नवंबर के दौरान, सेवा क्षेत्र में रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जो 2005 में इस सर्वेक्षण के शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे तेज इजाफा है।



भंडारी ने कहा, नौकरी में उछाल से क्षेत्र में कारोबारी आत्मविश्वास में सुधार, नए ऑर्डरों में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय मांग में मजबूत वृद्धि दिखती है। साथ ही, उच्च खाद्य और श्रम लागतों ने इनपुट और आउटपुट की कीमतों को क्रमशः 15 महीनों और लगभग 12 वर्षों में सबसे तेज दरों पर पहुंचा दिया। सर्वेक्षण के पैनलिस्टों ने अपनी सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार का संकेत देना जारी रखा, जबकि नए निर्यात ऑर्डरों में तीन महीनों में सबसे तेज वृद्धि हुई, लेकिन यह मध्य वर्ष में देखी गई वृद्धि से काफी कम है। निजी क्षेत्र की कंपनियों ने संकेत दिया कि मांग की मजबूती ने नवंबर में नए कारोबार और उत्पादन में और वृद्धि का समर्थन किया। बिक्री में जारी वृद्धि ने क्षमता दबाव को बढ़ाया, जिसके कारण कंपनियों ने 19 साल पहले तुलना योग्य आंकड़े उपलब्ध होने के बाद से सबसे तेज गति से कर्मचारियों को नियुक्त किया। बढ़ती इनपुट कीमतों के साथ-साथ, श्रम लागत ने मुद्रास्फीति पर दबाव डाला। कुल मिलाकर, व्यय और आउटपुट शुल्क क्रमशः 15 महीनों और लगभग 12 वर्षों में सबसे तेज दर से बढ़े। लागत दबावों की इस तीव्रता ने कथित तौर पर सेवा प्रदाताओं को नवंबर में अपने स्वयं के शुल्क बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया। महीने के परिणामों ने सेवा प्रदाताओं की क्षमता पर दबाव में वृद्धि का संकेत दिया। सेवा प्रदाता व्यवसायिक गतिविधि के लिए आने वाले वर्ष के दृष्टिकोण के बारे में अधिक आश्वस्त थे। पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि मई के बाद से आत्मविश्वास अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निरंतर मांग की मजबूती के पूर्वानुमानों और उम्मीदों से विपणन प्रयास नए व्यवसाय को बढ़ावा दे सकते हैं।

वेस्टइंडीज-बांग्लादेश

## वेस्टइंडीज को हराकर बांग्लादेश ने खत्म किया 15 साल का सूखा



बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 101 हराकर 15 साल का सूखा खत्म किया। साल 2009 के बाद बांग्लादेश ने 2009 के बाद पहली बार कैरेबियाई सरजमीं पर जीत दर्ज की। एंटीगुआ में पहले टेस्ट में मिली बड़ी हार के बाद मेहमान टीम ने शानदार वापसी की। इसके बाद सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।बांग्लादेश के लिए यह राहत देने वाली जीत है,जिसने अपने पिछले पांच टेस्ट मैच बुरी तरह गंवाए थे। तायजुल इस्लाम, जाकिर अली और नाहिद राणा जैसे खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ने 2024 में घर से बाहर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। यह टीम का विदेश में एक साल में सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड है।बाएं हाथ के स्पिनर तायजुल इस्लाम ने चौथी पारी में 50 रन देकर 5 विकेट लिए और वेस्टइंडीज को 185 रन पर समेट दिया। यह उनका 15वां पांच विकेट हॉल था, विदेश में चौथा और कैरेबियाई में 10 साल बाद पहला। तस्कीन अहमद, हसन महमूद और राणा ने अन्य पांच विकेट लिए। राणा ने दूसरी पारी में अपना पहला टेस्ट पांच विकेट हॉल लिया और वेस्टइंडीज को 146 रन पर समेटने में मदद की। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में सिर्फ 164 रन बनाए थे, लेकिन दूसरी पारी में शानदार वापसी रही। यह जाकिर अली की शानदार पारी बदौलत संभव हुआ, जिन्होंने ताबड़तोड़ 91 रन की पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए। चौथे दिन सुबह के सत्र में बांग्लादेश के 75 रनों में से 62 रन जाकिर ने बनाए।

क्राइस्टचर्च टेस्ट

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 104 रनों के टारगेट को 2 विकेट के नुकसान पर महज 12.4 ओवर में ही बना लिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने सबसे कम ओवरों में टेस्ट क्रिकेट में 100 से ज्यादा रनों के टारगेट चेज करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने इसी ग्राउंड पर 18.4 ओवर में 109 रनों के टारगेट को हासिल किया था।तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में इंग्लिश टीम 1-0 से आगे हो गई है। इंग्लैंड की जीत से भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा हुआ है।इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रह इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रहे। कार्स ने पूरे मैच में कुल 10 विकेट हासिल किया। उन्होंने पहले पारी में 19 ओवर गेंदबाजी की और 64 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 19.1 ओवर गेंदबाजी की और 42 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं हैरी ब्रूक ने पहली पारी में 197 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली। हैरी ब्रूक ने पहली पारी में 197 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली।

# बल्लेबाजी क्रम में बदलाव पर बोले केएल राहुल, ये ऐसी चीजें शुरू में परेशान करती थी



**एडिलेड, एजेंसी।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव की 'मानसिक चुनौती पर काबू पा लिया है और वह टीम के लिए किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने को तैयार हैं। राहुल ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज करते हुए 26 और 77 रन बनाए थे।

रोहित की टीम में वापसी के बाद शुक्रवार से शुरू हो रहे दिन-रात्रि टेस्ट को लेकर राहुल से जब बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'कुछ भी (पारी का आगाज करना या मध्य क्रम) हो सकता है। इस 32 साल के बल्लेबाज ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'मैं सिर्फ अंतिम एकादश में रहना चाहता हूं, जिसका मतलब है कि जहां भी मौका मिले वहां टीम के लिए बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहूं । राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में अपना टेस्ट करियर ठीक एक दशक पहले मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में शुरू किया था। उन्होंने बाद में हालांकि सलामी बल्लेबाज की भूमिका भी निभाई। इस बीच टेस्ट और वनडे दोनों में उनका बल्लेबाजी क्रम लगातार बदलता रहा और इसने उन्हें मानसिक तौर पर प्रभावित भी किया। अपने 54 टेस्ट मैचों के करियर में 3000 से अधिक रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, 'मैंने कई स्थानों पर बल्लेबाजी की है। पहले यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। यह चुनौती तकनीकी रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से थी कि शुरुआती 20-25 गेंदों को कैसे सामना करना है। उन्होंने कहा, '' मैं कितनी जल्दी आक्रामक रूख अपना सकता हूं? मुझे कितना सतर्क रहने की जरूरत है? ये ऐसी चीजें थी जो शुरू में मुझे परेशान करती थी। राहुल ने टेस्ट में आठ शतक जड़े है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में दो-दो शतक के अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी एक शतकीय पारी है। इस कलात्मक बल्लेबाज ने कहा, 'अब मुझे टेस्ट और वनडे में बल्लेबाजी क्रम में लगभग सभी जगहों पर खेलने का अनुभव है। इससे मुझे अंदाजा हो गया है कि मैं अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ा सकता हूं। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों को लेकर उनके दिमाग में चीजें स्पष्ट हैं। राहुल ने कहा, 'मैं चाहे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर रहा हूं या मध्य क्रम में अगर मैं शुरुआत में 30-40 गेंदें खेलने में सफल रहा तो सब कुछ सामान्य बल्लेबाजी जैसा लगता है।

# रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत रच सकता है इतिहास

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ऐसा करने वाली बनेगी पहली टीम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने के काफी करीब पहुंच चुकी है। हालांकि अभी उसकी जगह पक्की नहीं हुई है, लेकिन संभावनाएं काफी ज्यादा दिख रही हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर तीन टेस्ट लगातार हारने के बाद ये संभावनाएं थोड़ी सी धूमिल हुई थीं, लेकिन अब जबकि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम ने पहला ही टेस्ट जीत लिया है तो फिर मौका दिखना शुरू हो गया है। इस बीच अगर टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में भी हरा देती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल के और करीब तो पहुंच ही जाएगी, साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बन जाएगी। जो काम आज तक कोई भी टीम नहीं कर सकी है।

### डब्ल्यूटीसी में विदेशी जमीन पर सबसे ज्याद मैच जीतने वाली टीमें हैं भारत और इंग्लैंड

भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपिय?नशिप की इस साइकल में अभी चार और मुकाबले खेलने हैं। ये सभी मैच ऑस्ट्रेलिया से इसी सीरीज में होने हैं। इसलिए भी भारतीय टीम के लिए ये सीरीज काफी ज्यादा अहम हो जाती है। इस बीच भारतीय टीम अब तक ?विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में विदेशी जमीन पर 12 मैच जीत चुकी है। अगला मैच भी अगर टीम जीतने में कामयाब होती है तो ये उसकी विदेशी जमीन पर 13वीं जीत होगी। भारत ने साल 2019 से लेकर अब तक विदेशी जमीन पर 25 टेस्ट मुकाबले खेले हैं और इसमें से 12 जीतने में भी कामयाब रही है। अभी इंग्लैंड की टीम भी भारत की बराबरी पर चल रही है।

### इंग्लैंड क्रिकेट टीम भी भारत की बराबरी पर

बात अगर इंग्लैंड की करें तो उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अब तक 30 मैच विदेशी सरजमीं पर खेले हैं, इसमें से 12 मैच जीते हैं। यानी भारत और इंग्लैंड की टीमें इस वक्त बराबरी पर हैं। लेकिन एक मैच जीतते ही भारतीय टीम पहले नंबर पर पहुंच जाएगी और इतिहास भी रच देगी। इंग्लैंड की टीम भले ही अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो गई हो, लेकिन उसे अभी इसी साइकल में कुछ और मुकाबले खेलने हैं। यानी ये उठापटक इन दोनों टीमों के बीच चलती रहेगी। भारत के लिए जरूरी है कि टीम अपने बचे हुए सारे मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीते, ताकि सबसे ज्यादा मैच विदेशी जमीन पर जीतने वाली टीम बनी रहे, साथ ही बिना किसी झंझट के उसकी जगह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी बन जाए।

### ऑस्ट्रेलिया ने विदेशी जमीन पर जीते हैं कुल 10 टेस्ट मुकाबले

ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो इस वक्त तीसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अब तक 22 मैच विदेशी जमीन पर खेले हैं और उसे 10 में जीत मिली है। अभी जो सीरीज भारत के खिलाफ खेली जा रही है, उसमें अगर कोई मैच टीम जीत भी जाती है तो भी उसकी सेहत पर कुछ असर नहीं होगा, क्योंकि यहां हम विदेशी जमीन पर टेस्ट मुकाबले जीतने की बात कर रहे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम इस वक्त अपने घर पर खेल रही है। देखना होगा कि रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अगले ही मैच को जीतकर ये रिकॉर्ड बनाती है या फिर उसे थोड़ा सा इंतजार करना पड़ता है।



## पाकिस्तान से टी-20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान, कप्तान मार्कराम समेत 5 खिलाड़ी बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को 3 मैचों की टी20 सीरीज में साउथ अफ्रीका की कप्तानी करेंगे। इस सीरीज में एडेन मार्करम की अनुपस्थिति में यह फैसला लिया गया है। वह श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच कम समय के कारण मार्को यानसेन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे खिलाड़ी भी टी20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, 17 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए खिलाड़ियों की वापसी होगी। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट टीम का हिस्सा रहे रयान रिकेल्टन, क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद टी20 टीम में चुना गया है। इस बीच, एनरिक नॉर्खिया और तबरेज शम्सी भी टीम में वापस आ गए हैं। उन्होंने इस साल जून में आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद से देश के लिए कोई मैच नहीं खेला है। जॉर्ज लिंडे को भी सीएसए टी20 चैलेंज में उनके प्रभावशाली सीजन के बाद टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2021 में टी20 में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था।

हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डोनोवन फरेरा, रीज़ा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रुगर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, एंडिले सिमलेन और रासी वान डेर डुसेन।

तीन टी-20 मैच क्रमशः 10, 13 और 14 दिसंबर को डरबन, सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दौरे के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया।

## 2009 के बाद पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में भाग लेंगे नोवाक जोकोविच

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ब्रिस्बेन 2025 इंटरनेशनल ने बुधवार को 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच के नेतृत्व में 61 पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों की स्टार-स्टडेड लाइनअप की घोषणा की, जिसका आगाज 29 दिसंबर को पैट राफ्टर एरिना में होगा।



10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और 99 करियर खिताबों के धारक जोकोविच, 2009 के बाद पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में खेलेंगे, जो टूर्नामेंट का पहला साल था। अपने 100वें खिताब की तलाश में सर्बियाई महान खिलाड़ी पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में प्रतिस्पर्धा करने के बाद ब्रिस्बेन लौटने के लिए उत्साहित हैं। जोकोविच ने कहा, मैं ब्रिसबेन इंटरनेशनल में अपना ऑस्ट्रेलियाई अभियान शुरू करने और पैट राफ्टर एरिना में फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्साहित हूं।

केविन पीटरसन की पृथ्वी को सलाह

## सोशल मीडिया से दूर रहें, मेहनत करें

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने पृथ्वी साव की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफलता का स्वाद चखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। साव ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था। 25 साल की उम्र में वह अपने करियर के चौराहे पर खड़े हैं क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग की कोई भी फ्रेंचाइजी उन्हें 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर भी खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी।

भारत के पूर्व वनडे विशेषज्ञ मोहम्मद कैफ सहित कई लोगों को लगता है कि उनके मैदान के बाहर के व्यक्तित्व ने निश्चित रूप से उनके मैदानी खेल को प्रभावित किया है। बहरहाल, पीटरसन ने 'एक्स पर लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं। अगर पृथ्वी साव के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे। यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। हाल में साव को अधिक वजन और अनफिट होने के कारण मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई लेकिन अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। बीते दिनों पृथ्वी की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसमें वह अपने करियर के शुरूआती दौर में सचिन तेंदुलकर से मिली सलाह के बारे में बात करते हुए नजर आते हैं। पृथ्वी यहां मानते है कि क्रिकेट को लेकर अनुशासन में उनसे कही न कही कोताही हुई। वहीं, घरेलू कोच ज्वाला सिंह ने भी पृथ्वी में अनुशासन कम होने की बात कही थी।



# भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।



वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगाा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वत- जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।



# सीक्वल की दौड़ में सबसे आगे कार्तिक आर्यन

कई फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से अपनी पहचान बनाने के बाद कार्तिक आर्यन अब हर निर्देशक और निर्माता की पसंद बन गए हैं। कार्तिक एक से बढ़कर एक किरदार से दर्शकों का दिल जीतते देखे गए हैं। इसी का नतीजा है कि सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अभिनेता वर्तमान में अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। अब अभिनेता के वर्कफ्रंट पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। कार्तिक आर्यन की चर्चित फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी का सीक्वल बनने जा रहा है।

**➢सोनू के टीटू की स्वीटी का बनेगा सीक्वल**

हालिया विकास में कहा गया है कि कार्तिक आर्यन की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक सोनू के टीटू की स्वीटीका छह साल के लंबे इंतजार के बाद सीक्वल बनने जा रहा है। भूल भुलैया 3 के बाद कार्तिक आर्यन पति पत्नी और वो 2 और आशिकी 3 पर काम शुरू करने वाले हैं। इसी बीच उनके वर्कफ्रंट से जुड़ी नई जानकारी ने उनके प्रशंसकों को गदगद कर दिया है।

**➢कब शुरू होगा फिल्मांकन?**

जानकारी है कि कार्तिक आर्यन अपनी 2018 की रोमांटिक कॉमेडी सोनू के टीटू की स्वीटी के सीक्वल की भी तैयारी कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन और लव रंजन ने हिट फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के सीक्वल के लिए बातचीत शुरू की है। वे 2025 की दूसरी छमाही में फिल्मांकन शुरू करने की योजना बना रहे हैं। वे पिछले मंगलवार को लव फिल्म्स के कार्यालय में मिले, जहां रंजन ने कहानी का विचार रखा, जो कार्तिक को पसंद आया और उन्होंने तुरंत मंजूरी दे दी।

# 'आज की रात' ने बदला तमन्ना का नजरिया

इस साल रिलीज हुई हिट फिल्म 'स्त्री 2' में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने एक आइटम सॉन्ग आज की रात किया था। हाल ही में तमन्ना ने बताया कि इसी गाने की वजह से उनका अपने लिए भी नजरिया बदल गया।

तमन्ना भाटिया ने हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर हीरोइन काफी काम किया है। साथ ही वह डांस नंबर भी फिल्मों में करने लगी हैं। इसी साल फिल्म 'स्त्री 2' में उन्होंने एक आइटम सॉन्ग आज की रात किया था, इस गाने में उनके डांस मूव्स को काफी पसंद किया गया। यह गाना भी फिल्म की सफलता का एक अहम कारण रहा। इसी गाने के बारे में हाल ही में तमन्ना ने बताया फिर से बात की। उन्होंने बताया कि आज की रात गाने ने उनका अपने लिए ही नजरिया बदल दिया था।

**➲खुद को पूरी तरह से स्वीकार किया**

हाल ही में तमन्ना ने बताया कि जब वह छोटी थी तो उन्हें लगता था कि पतला होना ही फिट होना होता है। ऐसे में वह अपनी बॉडी को, फिगर को लेकर हमेशा कॉन्शस रही। लेकिन जब तमन्ना ने फिल्म स्त्री 2 का गाना 'आज की रात' किया तो उन्होंने खुद को फिगर, बॉडी को स्वीकार करने में मदद मिली। वह खुद की बॉडी को लेकर कॉन्शस नहीं हुई और अपने लिए काफी अछा महसूस करने लगी। इस तरह से 'आज की रात' ने उनका अपने लिए ही नजरिया बदला। यह गाना उनकी जिंदगी को बदलने वाला साबित हुआ।

**➲जब एक फैन ने ही मोटी कह दिया**

तमन्ना ने अपने आप को पूरी तरह से अब स्वीकार कर लिया है, वह अपनी फिगर को लेकर अब परेशान नहीं होती हैं। लेकिन एक फैन एक बार उन्हें मोटी कह दिया था। इस बारे में भी तमन्ना बताती हैं। वह कहती हैं, 'एक पार्टी में एक महिला मेरे पास आई, उन्होंने मुझे कहा कि आप इतनी मोटी थी, फिर भी आपने कितना अछा डांस किया।

## उर्फी का बदल गया चेहरा

# 'पता नहीं मैं अच्छी दिख रही हूं या नहीं, फैंस का भी आया रिएक्शन



उर्फी जावेद हर दिन कुछ ना कुछ ऐसा करती हैं कि खबरों में बनी रहती हैं। अकसर वह अपने अटपटे ड्रेस के कारण चर्चा में होती हैं। हाल ही में उर्फी ने कुछ ऐसा किया उनका नया लुक देखकर फैंस हैरान हो गए। उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर अकसर नजर आती हैं, उनके तरह-तरह की अजब-गजब ड्रेस सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती है। हाल ही में वह अपनी ड्रेस की बजाय अपने नए फेस लुक के कारण चर्चा में आ गईं। उर्फी को हाल ही में जिसने भी देखा है, उन्हें वह काफी अलग नजर आईं। इसकी वजह खुद उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की है। उर्फी ने अपने फैंस को इंस्टाग्राम के जरिए भी बताया कि उन्होंने अपने चिन फीलर को हटा दिया है। लगभग 9 साल से वह चिन फीलर का इस्तेमाल कर रही थी। इससे उनकी चिन काफी शॉर्प नजर आती थी। लेकिन अब उर्फी इनका इस्तेमाल करना बंद कर रही है। फीलर का इस्तेमाल ना करने की वजह से अब उर्फी की चिन काफी नॉर्मल सी नजर आ रही है। इससे उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। उर्फी का चेहरा अब बदल हुआ दिख रहा है तो वह भी अपने नए लुक को लेकर थोड़ा डाउट में हैं। अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में उर्फी खुद कहती हैं, 'पता नहीं मैं अच्छी दिख भी रही हूं या नहीं।' इस पर उनके साथ बैठा कोई शख्स कहता है कि तुम ऐसा क्यों सोच रही हूं। उर्फी के नए फेस लुक पर अब उनके फैंस का भी रिएक्शन आने लगा है। कुछ लोगों को उनका चेहरा अच्छा दिख रहा है तो कुछ को फीलर यूज करने वाली उर्फी ही सही लगती थी। ऐसे में उनके फैंस ही दो हिस्सों में बंट गए हैं।

# गोविंदा के बिना बनेगी भागम भाग 2?



प्रियदर्शन ने साल 2006 में फिल्म भागम भाग बनाई, जिसमें हंसी के जबर्दस्त तालमेल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म में अक्षय कुमार, गोविंदा और परेश रावल की कॉमेडी पावरहाउस तिकड़ी मुख्य भूमिकाओं में थी। अब, दो दशक बाद इसके सीक्वल को लेकर चर्चा बढ़ रही है। हालांकि, गोविंदा ने हाल ही में खुलासा किया कि इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल के लिए उनसे संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि क्या उन्हें फिल्म का हिस्सा बनने में दिलचस्पी है।

### भागम भाग 2 का हिस्सा नहीं होंगे गोविंदा!

गोविंदा ने हालिया इंटरव्यू में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें कॉमेडी सीक्वल भागम भाग 2 के लिए नहीं चुना गया है। अभिनेता ने कहा, किसी ने भी भागम भाग 2 के लिए मुझसे संपर्क नहीं किया है या चर्चा के लिए नहीं बैठा है। मेरे बारे में सिर्फ भागम भाग 2 ही नहीं, बल्कि पार्टनर सहित कई अन्य सीक्वल से जुड़ने की भी कहानियां चारों ओर फैल रही हैं।



# मेरा अपहरण हो गया था: सुनील पाल

**कॉमेडियन** सुनील पाल के लापता होने को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। कहा जा रहा है कि अभिनेता गायब नहीं हुए थे। उनका अपहरण हुआ था। कॉमेडियन सुनील पाल के लापता होने के मामले में एक नई अपडेट सामने आई है। खबरें हैं कि सुनील गायब नहीं हुए थे, बल्कि उनका अपहरण किया गया था। यह जानकारी खुद सुनील पाल ने फोन कॉल पर 'जूम' से खास बातचीत करते हुए शेयर की है।

**लापता होने की खबरों के बीच सामने आए**

इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उनका अपहरण हो गया था। अभिनेता ने यह भी बताया कि वह दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भर रहे हैं और कल मुंबई आकर पूरी जानकारी देंगे। इससे पहले मंगलवार की रात अभिनेता के गायब होने की खबर सुनकर उनके प्रशंसकों में खलबली मच गई। उनका फोन भी नहीं लग रहा था। घंटों इंतजार करने के बाद उनकी पत्नी काफी परेशान होकर मुंबई के सांताक्रूज पुलिस स्टेशन पहुंचीं और रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

अभिनेता के गायब होने की खबरों के बीच उनका एक दिन पहले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में वह बोटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो के सामने आते ही नेटिजन्स ने कई तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए थे।

# कभी जग्गू तो कभी मानव, जावेद जाफरी ने इन किरदारों से दर्शकों के दिलों में बनाई खास जगह

**जावेद जाफरी ने अपनी अदाकारी और शानदार कॉमिक टाइमिंग से भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक खास स्थान हासिल किया है। उनके निभाए गए किरदार ने लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ी है।**



जावेद जाफरी का नाम भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के उन कलाकारों में शुमार किया जाता है, जिनकी अदाकारी और कॉमिक टाइमिंग ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है। चाहे वह फिल्म हो या टेलीविजन, जावेद जाफरी ने अपने अद्भुत अभिनय से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। उनकी फिल्मों के यादगार किरदारों ने उन्हें हर वर्ग के दर्शकों में लोकप्रिय बना दिया है। उनके जन्मदिन पर आइए जानते हैं जावेद जाफरी के कुछ ऐसे किरदारों के बारे में, जिन्होंने उन्हें इंडस्ट्री में खास पहचान दिलाई।

**➢जजंतरम ममंतरम – आदित्य पंडित**

जावेद जाफरी का किरदार जजंतरम ममंतरम में आदित्य पंडित के रूप में खासा लोकप्रिय हुआ। इस फिल्म में जावेद ने मजेदार किरदार निभाया था, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को खूब पसंद आया। मस्ती-मजाक से भरा उनका यह किरदार दर्शकों के दिलों में आज भी बसा हुआ है।

**➢सलाम नमस्ते – जग्गू**

फिल्म सलाम नमस्ते में जावेद जाफरी ने जग्गू का किरदार निभाया था। उन्होंने ने इस किरदार को अपने स्वाभाविक कॉमिक से बहुत ही बेहतरीन तरीके से निभाया, जिससे यह किरदार दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय हुआ। फिल्म में सैफ अली खान के साथ उनकी जुगलबंदी लोगों को खूब पसंद आई।

**➢धमाल – मानव श्रीवास्तव**

जावेद जाफरी ने फिल्म धमाल में मानव श्रीवास्तव का किरदार निभाया था, जो एक सटीक कॉमिक टाइमिंग और मजेदार संवादों के साथ दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहा। जावेद का यह किरदार हास्य से भरपूर था। उनका किरदार अब भी भारतीय फिल्म प्रेमियों के बीच याद काफी ज्यादा लोकप्रिय है।

**➢सिंह इज किंग – मीका सिंह**

फिल्म सिंह इज किंग में जावेद जाफरी ने मीका सिंह का किरदार निभाया था। फिल्म में उन्होंने इस किरदार में अपनी शानदार अदाकारी से जान भर दी थी। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था। वहीं, इस फिल्म में मुख्य भूमिका में अक्षय कुमार नजर आए थे।

**➢थ्री इडियट्स – रणछोड़दास चांचड़**

जावेद जाफरी की बेहतरीन अदाकारी वाली फिल्मों में थ्री इडियट्स का नाम भी शामिल है। इस फिल्म में उन्होंने भले ही छोटा सा किरदार निभाया था, लेकिन दर्शकों पर उनके अभिनय का जादू खूब चला था। फिल्म में आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी मुख्य भूमिकाओं में थे।

-साभार एजेंसी



# कविता कौशिक ने की विवेक ओबेराय की तारीफ

## सलमान पर कसा तंज

**एक्ट्रेस** कविता कौशिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब उन्होंने सुपरस्टार सलमान खान पर नाम लिए बगैर निशाना साधने के साथ एक्टर विवेक ओबेरॉय की तारीफ की है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही थी, जिसमें विवेक की नेटवर्थ 1200 करोड़ रुपए बताई गई है।

इस पोस्ट को अपने एक्स पर रीपोस्ट कर कविता ने विवेक की तारीफ करते हुए लिखा, एक शानदार एक्टर, अपनी वुमेन के लिए खड़े रहे, सबसे बड़े सच बोलने के खिलाफ लड़े, लेकिन हम एक देश के रूप में स्वैग, दादागिरी और रोस्टिंग से मंत्रमुग्ध रहे। कविता की ये पोस्ट वायरल हो रही है। लोग जबरदस्त तरीके से कमेंट कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कविता साल 2020 में सलमान के शो 'बिग बॉस 14' में हिस्सा ले चुकी हैं।

वहां घर में कविता कई कंटेस्टेंट से लड़ते हुए नजर आई थीं। उनकी एजाज खान, रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला से लड़ाई हुई थी। घर में कुछ समय तक रहने के बाद कविता ने खुद शो छोड़ने का फैसला किया था। कविता एक्टिंग की दुनिया से दूर हो चुकी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर टीवी छोड़ने की जानकारी दी थी। अब वह सोशल मीडिया पर ही नजर आती हैं।

20 साल से कोई संपर्क नहीं...

# बहन आलिया पर लगे हत्या के आरोपों से दंग हैं नरगिस फाखरी?

**नरगिस** फाखरी किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने इम्तियाज अली की फिल्म रॉकस्टार में काम कर खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि, अब नरगिस किसी अन्य वजह से सुर्खियों में आ गई हैं। कथित तौर पर नरगिस की बहन आलिया फाखरी पर अमेरिका में अपने पूर्व प्रेमी की हत्या का आरोप लगा है। जानकारी के मुताबिक, आलिया ने गैराज में आग लगा दी जिससे उनके पूर्व प्रेमी और उनकी महिला मित्र की मौत हो गई। अब हर किसी को इस मामले पर अभिनेत्री की प्रतिक्रिया का इंतजार है। हालांकि, उनकी ओर से रिएक्शन आने की उम्मीद बेहद कम हैं। आखिर क्यों?



**⮝नरगिस फाखरी भी थीं मामले से अंजान**

खबरें हैं कि नरगिस फाखरी के पास इस मामले में स्पष्टीकरण के लिए कुछ भी नहीं है। अभिनेत्री से जुड़े एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की कि वह 20 वर्षों से अधिक समय से अपनी बहन के संपर्क में नहीं हैं। हर किसी की तरह नरगिस को भी समाचार के माध्यम से घटना के बारे में पता चला। इससे साफ होता है कि नरगिस भी इस बात से पूरी तरह अंजान थीं और आम लोगों की तरह उन्हें भी इस घटना का पता न्यूज चैनल और समाचार पत्रों से चला।

**⮝आलिया ने पूर्व प्रेमी को उतारा मौत के घाट**

अभियोजकों का दावा है कि 43 वर्षीय आलिया फाखरी ने 23 नवंबर को क्वींस में एक गैरेज में जानबूझकर आग लगा दी। इसके परिणामस्वरूप उनके पूर्व प्रेमी 35 वर्षीय एडवर्ड जैकब्स और उनकी दोस्त 33 वर्षीय अनास्तासिया एटियेन की मौके पर मौत हो गई।

**⮝क्यों उठाया इतना बड़ा कदम?**

आरोपों के अनुसार, आलिया, जैकब्स के साथ अपने रिश्ते को फिर से शुरू करना चाहती थीं, लेकिन जैकब्स ने ऐसा करने से मना कर दिया। इस वजह से आलिया ने अपना आपा खो दिया और आगजनी का सहारा लिया। फाखरी पर फर्स्ट डिग्री हत्या के चार मामले, सेकंड-डिग्री हत्या के चार मामले और आगजनी का आरोप लगाया गया है। क्वींस डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय के अनुसार, अगली अदालती सुनवाई 9 दिसंबर को होगी।

**⮝फाखरी की मां ने दी यह प्रतिक्रिया**

आलिया फाखरी की मां ने इस घातक आग में अपनी बेटी की संलिप्तता पर अविश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे नहीं लगता कि वह किसी की हत्या कर सकती है।

वह हर किसी की देखभाल करने वाली लड़की है। आलिया फाखरी वर्तमान में न्यूयॉर्क शहर की सबसे बड़ी जेल, रिकर्स द्वीप में हिरासत में हैं, और उन्होंने आरोपों के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है।

## डिवोर्स की अफवाहों के बीच

# नीति बोली- मेरी चुप्पी मेरा जवाब है, सरनेम हटाने की वजह बताई

इन दिनों मनोरंजन जगत की कई हस्तियों के तलाक की खबर आ रही हैं। हाल ही में एआर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने तलाक की घोषणा की। अब एक युवा टीवी अभिनेत्री नीति टेलर के तलाक की अफवाह भी उड़ रही है। पिछले कुछ समय से टीवी अभिनेत्री नीति टेलर अपने निजी जीवन के कारण चर्चा में बनी हुई है। कहा जा रहा है कि उनका अपने पति परीक्षित बावा से अलगाव हो गया है। नीति ने भी इन अफवाहों का अब तक खंडन नहीं किया था। लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने तलाक की अफवाहों पर बात की है। हाल ही में नीति ने अपने तलाक से जुड़ी अफवाहों पर खुलकर बात की। वह कहती हैं, 'अगर हम चुप हैं या कोई सफाई नहीं दे रहे हैं तो यही हमारा जवाब है। मेरी चुप्पी ही मेरा जवाब है। जब ऐसा कुछ है ही नहीं, सबकुछ ठीक है तो कोई सफाई देने की जरूरत ही नहीं है।

